**
# वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 201, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 543 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट आई और सेंसेक्स 543 अंक की गिरावट के साथ 82,184 .17 अंक पर बंद हुआ। } 14

## देश देख रहा है नयी पीढ़ी के संस्कार : ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि कांग्रेस के संस्कार सदन में तख्तियां लाने व मेजें ठोंकने के नहीं रहे हैं, लेकिन मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है। } 16



## थाईलैण्ड-कंबोडिया के बीच युद्ध शुरू

### दोनों देशों ने एकदूसरे पर दागे गोले, 11 लोगों की मौत

एजेंसी



बैंकॉक। थाईलैंड और कंबोडिया के सैनिकों ने बृहस्पतिवार को सीमा पर एक-दूसरे पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में ज्यादातर आम नागरिक हैं। दोनों पक्षों ने छोटे हथियारों से गोलीबारी की और तोप से गोले दागे तथा रॉकेट से हमले किये। थाईलैंड ने भी हवाई हमले किए। सुबह झड़पें शुरू होने पर एक वीडियो में थाईलैंड के ग्रामीणों को अपने घरों से भागते हुए देखा जा सकता है।

थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि सीमा पर कम से कम छह इलाकों में झड़पें जारी हैं। ये झड़पें बुधवार को सीमा पर एक बारुदी सुरंग में विस्फोट के बाद शुरू हुईं, जिसमें थाईलैंड के पांच सैनिक घायल हो गए और बैंकॉक ने कंबोडिया में अपने राजदूत को वापस बुला लिया तथा कंबोडिया के राजदूत को निष्कासित कर दिया। थाईलैंड ने भी अपने नागरिकों से कंबोडिया छोड़ने का अनुरोध करते हुए सभी भूमि सीमा चौकियों को सील कर दिया है। दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसियों के बीच लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है, जो समय-समय पर उनकी 800 किलोमीटर की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कानून व्यवस्था के नये मानक पेश कर रहा यूपी : योगी

### कभी दंगा प्रदेश के रूप में था बदनाम, आज अनुशासित और उत्सव प्रदेश के रूप में बनी पहचान

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो उत्तर प्रदेश आठ वर्ष पहले तक दंगा प्रदेश के रूप में बदनाम था, गुंडों-माफिया से तबाह था, वही उत्तर प्रदेश आज कानून व्यवस्था का मानक पेश कर रहा है। दंगामुक्त और गुंडामुक्त उत्तर प्रदेश आज अनुशासित और उत्सव प्रदेश की पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है।

सीएम योगी गुरुवार को 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 11 मंजिला बैरक टॉवर तथा 30 बेड के हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कोई भी बाहरी व्यक्ति कानून व्यवस्था के मामले में यूपी पर हंस नहीं सकता, अंगुली नहीं उठा सकता। यूपी का नौजवान आज कहीं भी जाता है तो सम्मान पाता है जबकि आठ वर्ष पहले यहां के नौजवान को यूपी के नाम पर एक कमरा तक नहीं मिलता था। यूपी के नाम पर बाहर के लोगों के सामने डरावना



दृश्य होता था। आज इन सबसे उबरकर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था की नजीर प्रस्तुत करने वाला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेना देश की वाह्य सुरक्षा का दायित्व संभालती है तो आंतरिक मामलों और कानून ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सांसदों-विधायकों के प्रस्तावों पर सड़क निर्माण में लायें तेजी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सांसदों व विधायकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर गोरखपुर और बस्ती मंडलों में सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिये। राज्य सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने एक उच्चस्तरीय बैठक में हर विधानसभा क्षेत्र में आगामी सड़क विकास परियोजनाओं की समीक्षा की और उनके जल्द क्रियान्वयन पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जन प्रतिनिधियों से वार्ता में सड़क परियोजनाओं को जनता की अपेक्षाओं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### 19 आईएएस अफसर बने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

लखनऊ। यूपी में शासन ने बृहस्पतिवार को 19 आईएएस अधिकारियों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती दी। ये अधिकारी वर्तमान में सहायक कलेक्टर थे। जौनपुर की सहायक कलेक्टर इशिता किशोर को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। कन्नौज की सहायक कलेक्टर स्मृति मिश्रा को ज्वाइंट कमिश्नर के पद पर बिजनौर भेजा गया है। सहायक कलेक्टर अयोध्या स्वाति शर्मा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आगरा, सहायक कलेक्टर गोरखपुर शिशिर कुमार सिंह को अलीगढ़, सहायक कलेक्टर सुल्तानपुर वैशाली को कन्नौज, सहायक कलेक्ट्रेट, लखनऊ गुंजिता अग्रवाल को बाराबंकी, सहायक कलेक्टर सीतापुर नितिन सिंह को वाराणसी, सहायक कलेक्टर प्रयागराज अनुभव सिंह को कानपुर नगर भेजा गया है। इसी तरह वाराणसी के सहायक कलेक्टर साई आश्रित शाखमुरी को बदायूं, सहायक कलेक्टर मेरठ नारायणी भाटिया को हरदोई, सहायक ...शेष पृष्ठ 14 पर

### फतेहपुर की एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री सस्पेंड

लखनऊ। यूपी के फतेहपुर में एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री को निलंबित कर दिया गया है। नियम विरुद्ध तरीके से दाखिल खारिज में गड़बड़ी, स्थलीय निरीक्षण न करने, अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वाह न करने और गैर जिम्मेदाराना कामकाज करने पर यह कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव कार्मिक एम. देवराज ने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इसके लिए लखनऊ मंडल के आयुक्त को जांच अधिकारी नामित किया गया है। मामला मलवां थाना क्षेत्र के बरमतपुर गांव का है। निलबंन की अवधि में अर्चना अग्निहोत्री राजस्व परिषद लखनऊ कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगी। इस अवधि में उन्हें आधा वेतन मिलेगा। लेकिन, जीवन निर्वाह भत्ते के साथ कोई मंहगाई भत्ता नहीं मिलेगा।

# भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता

○ 34 अरब डॉलर का व्यापार बढ़ेगा ○ भारतीय निर्यात पर 99 प्रतिशत शुल्क होगा समाप्त ○ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों व कई अन्य वस्तुओं के शुल्क में भी कटौती

एजेंसी

लंदन। भारत और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए जिससे सालाना द्विपक्षीय व्यापार में करीब 34 अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है।

इस समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों एवं कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड ने इस पर हस्ताक्षर किए। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि इस एफटीए के लागू होने से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को शुल्क से राहत मिलने की उम्मीद है। यह ब्रिटिश कंपनियों के लिए व्हिस्की, कारों और अन्य उत्पादों का भारत में निर्यात भी आसान करेगा। इस तरह दोनों देशों के



बीच कुल व्यापार में बढ़ोतरी होगी। दोनों देशों के बीच तीन साल की बातचीत के बाद इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया है। इससे भारतीय वस्तुओं को सभी क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि भारत को लगभग 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों के पूरी तरह शुल्क-मुक्त होने से फायदा होगा। यह छूट लगभग 100 प्रतिशत व्यापार मूल्य को समाहित करती है। ब्रिटेन ने कहा कि समझौते के बाद भारतीय उपभोक्ताओं को सॉफ्ट ड्रिंक, सौंदर्य प्रसाधन, कार एवं चिकित्सा उपकरण जैसे बेहतरीन ब्रिटिश उत्पादों तक आसान पहुंच मिलेगी। इसकी वजह यह है कि एफटीए लागू होने के बाद औसत ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए ऐतिहासिक दिन : मोदी



लंदन। भारत और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए जिससे सालाना द्विपक्षीय व्यापार में करीब 34 अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है। इस समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों एवं कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड ने इस पर हस्ताक्षर किए। समझौते के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत-ब्रिटेन संबंधों में ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इससे पहले, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मोदी की अपने आधिकारिक आवास चेकर्स में मेजबानी की। दोनों नेताओं ने गंभीर वार्ता से पहले अकेले में बातचीत की। अधिकारियों ने कहा कि एफटीए के लागू होने पर 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर ब्रिटेन में शुल्क नहीं लगेगा। दूसरी तरफ ब्रिटिश कंपनियों के लिए व्हिस्की, कारों एवं अन्य उत्पादों का भारत में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले के आरोपियों को बरी करने के फैसले पर रोक

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी, लेकिन कहा कि उन्हें फिलहाल जेल लौटने की जरूरत नहीं है।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को नजीर न माना जाए। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले के सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार की अपील पर उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा हमें सूचित किया गया है कि सभी प्रतिवादियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल द्वारा कानून संबंधी बिंदु पर प्रस्तुत दलीलों पर ध्यान देते हुए, हम इस बात के इच्छुक हैं कि संबंधित फैसले को मिसाल के रूप में नहीं जाएगा। इसे देखते हुए विवादित फैसले पर रोक रहेगी। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी छापा

### 3,000 करोड़ रुपये के ऋण घोटाले का लगा आरोप

एजेंसी

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपये के कथित ञ्ण घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को कई जगह छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इन कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ और बैंक ञ्णों के अलावा कुछ कथित अघोषित विदेशी संपत्तियां भी एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में छापेमारी की जा रही है। ये परिसर 50 कंपनियों और करीब 25 लोगों से जुड़े




हैं। यह कार्वाई ईडी की दिल्ली स्थित जांच इकाई द्वारा की जा रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिये लगभग 3,000 करोड़ रुपये के ऋण के गलत इस्तेमाल के आरोपों में ये छापेमारी की जा रही है। समूह की दो कंपनी रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने शेयर बाजार को दी अलग-अलग सूचना में कहा कि ईडी की कार्वाई का उनके व्यवसाय संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छत्तीसगढ़ : 66 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बस्तर। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के पांच जिलों में बृहस्पतिवार को 66 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से 49 पर कुल 2.27 करोड़ रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि बस्तर क्षेत्र के बीजापुर जिले में 25, दंतेवाड़ा में 15, कांकेर में 13, नारायणपुर में आठ और सुकमा में पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 27 महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के वरिष्ठ अधिकारियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एलयूसीसी फ्रॉड की जांच करेगी सीबीआई

### सांसदों ने अमित शाह से की भेंट : इंटरपोल की मदद से लाये जायेंगे मास्टरमाइंड

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में करोड़ों रुपये के एलयूसीसी घोटाले को लेकर अब धामी सरकार एक्शन मोड में आ गयी है। गरीब व मध्यमवर्गीय निवेशकों की गाढ़ी कमाई को वापस दिलाने और दोषी प्रमोटर्स को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनता की मेहनत की कमाई लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसायटी द्वारा बड़े पैमाने पर निवेशकों को ठगने का मामला उत्तराखंड सहित कई राज्यों में सामने आया है। इन धोखाधड़ी मामलों की निष्पक्ष और प्रभावी जांच के लिए



उत्तराखंड सरकार ने इन्हें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की अनुमति दे दी है। वहीं, इस घोटाले के आरोपियों को विदेश से भारत लाने के प्रयास भी तेज कर दिये गये हैं। दिल्ली में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के नेतृत्व में चार सदस्यीय सांसद दल ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, नैनीताल सांसद अजय भट्ट और टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह शामिल थे। सांसदों ने गृह मंत्री से आग्रह किया कि एलयूसीसी घोटाले के मुख्य आरोपियों को इंटरपोल की मदद से भारत लाया जाए और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सांसदों ने स्पष्ट ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल व उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

# उप्र राज्य जूनियर मेजर बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ जिला बैडमिंटन के तत्वावधान में आयोजित योनेक्स-सनराइज उप्र राज्य जूनियर मेजर बैडमिंटन, पूर्वी क्षेत्र सिलेक्शन टीम (अण्डर-19) चार दिवसीय प्रतियोगिता को गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन हॉल में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल एवं उप्र बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास ने टॉस कर प्रतियोगिता का

○ लखनऊ के नितेश ठाकुर, शिवम यादव, शिवम जोशी, संस्कार यादव, मेरठ के रोहन नेहवाल ने तीसरे दौर में किया प्रवेश








शुभारम्भ गुरुवार को किया। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उप्र बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह एवं जिला सचिव अनिल ध्यानी ने अतिथियों को बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ के नितेश ठाकुर, शिवम यादव, संस्कार यादव, मेरठ के रोहन नेहवाल ने क्रमशः नितेश ठाकुर (लखनऊ) ने अथर्व अग्रवाल (आजमगढ़) को 30-13 से हराया। संस्कार यादव (लखनऊ) ने सरल साहू (स्पोर्ट्स ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## विवाहिता पत्नी व बच्चो को मारपीट कर घर से निकाला, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गांव में पति प्रेम प्रपंच में फंसकर अपनी विवाहिता पत्नी एवं बच्चो को मारपीट कर उसका सम्पूर्ण स्त्री धन छीन कर घर से निकाल दिया। पीडित विवाहिता की तहरीर पर मुकामी पुलिस ने बीएनएस की धारा 85, 115(2) व 131 के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। मिजार्पुर मेडिकल रोड झुगिया वाजार निवासी गीता देवी पत्नी बासुदेव निषाद ने तहरीर देकर बताया कि उनका विवाह 2006 में बासुदेव निषाद पुत्र स्व० केदार निषाद के साथहुआ था। जिससे दो बच्चे बेटी रागिनी 18 वर्ष एवं पुत्र राज 11 वर्ष है। उनका पति बीते एक वर्ष से किसी सीमा चौधरी नामक महिला के प्रेम प्रपंच में फस कर अलग कमरा लेकर उसके साथ रहने लगे।जब हमने इस सम्बन्ध में पूछताछ की तो उनका पति ने बताया कि मैने उससे शादी कर ली है। तुम लोग मेरे घर से चली जाओ दिनांक 7 जूलाई को अचानक घर पहुच कर मारने पीटने लगा। उनके शोर मचाने पर जब तक अगल बगल के लोग पहुचे तब तक मेरा तीन जेवर 10 हजार रुपये नगद घर के बर्तन एवं मेरे द्वारा खरीदी गयी। बाइक लेकर चला गया फिर 20 जूलाई को घर पहुच उन्हे मारपीट कर दोनो बच्चो सहित घर से निकाल दिया है। वह बच्चो को लेकर मायके चली गयी। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है।

## अतिक्रमण को हटवाने के लिए लगायी मुख्यमंत्री से गुहार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर निवासी रामसिंह पुत्र शिवप्रताप ने वृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम जगदीशपुर के गाटा संख्या 826 व ग्राम मठिया बुजुर्ग के गाटा संख्या 197 का वह भूमिधर है। ग्राम जगदीशपुर के गाटा संख्या 826व ग्राम मठिया बुजुर्ग के गाटा संख्या 197 में अवैध रूप से अमरनाथ यादव व रामविद्या यादव पुत्रगण रामप्यारे यादव व रामसुमेर पुत्र वालिकरन व अशोक व मनोज रामकेवल पुत्र नन्दलाल और इन्ही लोगों के परिवार व अन्य साथियों के द्वारा हमारे भूमिधरी में अतिक्रमण कर लिया गया है ।और अवैध रूप से काबिज भी है। यह लोग बहुत ही दबंग व मनबढ़ किस्म के व्यक्ति है। यह लोग अपनी दबंगई के बल पर हमारी ही भूमि पर जबरजस्ती कब्जा कर रखे है।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम दाखिला रजिस्टर में त्रुटिवश स्वराज सुमन दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम स्वराज सिंह है, उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। दाखिला रजिस्टर में भी उसका सही नाम स्वराज सिंह दर्ज किया जाये। **नीरज कुमार सुमन पुत्र श्री गोविन्द प्रसाद नि.- बासदेवपुर, पोस्ट घमहापुर, जिला वाराणसी।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे खाता सं. 33385649510 भारतीय स्टेट बैंक में मेरा नाम उमेश कुमार रावत अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम उमेश कुमार दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरे बैंक खाते में भी मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **उमेश कुमार पुत्र महेश कुमार नि.- 843, बंथरा सिकंदरपुर, बंथरा, जनपद लखनऊ।**


### आवश्यकता है

'वॉयस ऑफ लखनऊ' हिन्दी दैनिक प्रतिष्ठित समाचार पत्र हेतु उत्साही एवं कर्मठ संवाददाताओं की निम्न जिलों (अलीगढ़, अंबेडकरनगर, बस्ती, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हरदोई, झाँसी, कन्नौज, कानपुर, महाराजगंज, मऊ, मैनपुरी, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रयागराज, वाराणसी, सहारनपुर) के लिए आवश्यकता है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना संक्षिप्त परिचय, शैक्षिक योग्यता एवं संपर्क विवरण हमारे ईमेल/पते पर यथाशीघ्र प्रेषित करें।

ईमेल- voiceoflucknow@gmail.com

पता- 1/5 विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ- 226010

फोन नं.- 8090856978, 0522-4059440-41-42-43


# लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण

## जयप्रकाश नारायण का भारत, भारतीयता और जीवन मूल्यों के लिए समर्पित रहा जीवनः सीएम योगी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस के तानाशाही के कारण जब एक बार लगा था कि भारत का लोकतंत्र दम तोड़ देगा, तब लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने उसे पुनर्जीवित करके नया जीवन दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी जयप्रकाश नारायण ने अपना जीवन भारत-भारतीयता और जीवन मूल्यों के लिए आगे बढ़ाया था, जिस पर भारत की मजबूत नींव टिकी हुई है। उन्होंने देश के साथ ही अपना जीवन दूसरे लोगों के लिए जिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को असुरन चौराहे के सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण व लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का अनावरण किया। सीएम ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किया। सीएम योगी ने कहा कि यूपी व बिहार की सीमा पर सिताब दियारा गांव है। यह गांव मां गंगा व सरयू का संगम स्थल है। लोकनायक का जन्म यहीं हुआ था। अंतिम समय तक उनका अपने गांव से जुड़ाव रहा। उन्होंने 1977 में अपने गांव में स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की मांग की थी और कहा था कि स्वास्थ्य केंद्र का नाम उनकी धर्मपत्नी प्रभावती जी के नाम पर रख दिया जाए, लेकिन जयप्रकाश जी के नाम पर सत्ता हासिल करने वालीं पिछली सरकारें यह नहीं कर पाईं। हमारा सौभाग्य है कि जयप्रकाश जी के गांव के स्वास्थ्य केंद्र को 100 बेड का स्वास्थ्य केंद्र बनाने के साथ ही उसका नामकरण किया।

जिला प्रशासन, गोरखपुर विकास प्राधिकरण व नगर निगम को धन्यवाद देते हुए सीएम योगी ने कहा कि जयप्रकाश जी की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए चौराहे के चौड़ीकरण के दौरान मूर्ति पुनर्स्थापित कर इसका बेहतरीन सुंदरीकरण किया है। यह अन्य केंद्रों के लिए नई प्रेरणा है। सीएम योगी ने कहा कि जब यहां लोकनायक की प्रतिमा स्थापित की गई थी तो गोरखपुर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य व प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार ने उस समय इसमें अग्रिम भूमिका का निर्वहन किया था। आज वे हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनकी धर्मपत्नी व पारिवारिक सदस्य इस कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं। सीएम योगी ने डॉ. अशोक कुमार को भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने जयप्रकाश जी की प्रतिमा को यहां स्थापित करने के अभियान की एक दशक पूर्व अगुवाई की थी। इस दौरान सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, गोरखपुर ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, बांसगांव विधायक डॉ. विमलेश पासवान, चौरीचौरा विधायक सरवन निषाद, पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह, सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पहली बार हो महिला बटालियन का गठन : एडीजी पीएसी



गोरखपुर। कार्यक्रम में एडीजी पीएसी डॉ रामकृष्ण स्वर्णकार ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए लोकार्पण की दोनों परियोजनाओं, बैरक टॉवर और हॉस्पिटल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अन्य वाहिनियों में भी बहु मंजिला बैरक बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में यूपी में पहली बार महिला बटालियन का गठन और बटालियन भवन निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत गोरखपुर, लखनऊ और बदायूं में निर्माण जारी है। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस में भर्तियों का नया रिकार्ड कायम किया है और इसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, श्रीराम चौहान, महेंद्रपाल सिंह, डॉ विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, एडीजी गोरखपुर जोन अशोक मुथा जैन, आईजी पीएसी मध्य जोन प्रीतिंदर सिंह, डीआईजी गोरखपुर रेंज एस चनप्पा, प्रभारी सेनानायक 26वीं वाहिनी पीएसी निहारिका शर्मा, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संविधान मानस्तंभ स्थापना व आरक्षण दिवस कलः जिलाध्यक्ष




इटावा। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने प्रेसवार्ता में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस व आरक्षण दिवस 26 जुलाई दिन शनिवार को जिला पंचायत सभागार में समय सुबह 10 बजे मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशाल जनसभा के मुख्यातिथि सांसद रमाशंकर राजभर, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत अभिषेक यादव अंशुल, विशिष्ट अतिथि माननीय विधायक राघवेंद्र गौतम जी विधायक भरथना होंगे। जिलाध्यक्ष ने पार्टी के सभी सम्मानित नेतागण, पदाधिकारी एवं समस्त सम्मानित कार्यकताओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में आमंत्रित कर कार्यक्रम को सफल बनाते की अपील की।

## डीएम ने दिव्यांग बच्चों के लिए अध्ययन केन्द्र का शुभारंभ किया



इटावा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए सहज अध्ययन केन्द्र का शुभारम्भ सुभ्रान्त शुक्ल जिलाधिकारी, अजय कुमार गौतम मुख्य विकास अधिकारी, ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रेमपाल सिंह प्राचार्य डायट, लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, उदय सिंह राज प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त डायट प्रवक्ता, अर्चना सिन्हा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, गायत्री वर्मा प्रवक्ता एवं समस्त स्पेशल एजूकेटर की उपस्थिति में हुआ। दिव्यांग बच्चों हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के डायट परिसर में सहज अध्ययन केन्द्र की स्थापना कराई गयी है जिससे न केवल जनपद में बल्कि प्रदेश में एक मात्र ऐसा स्थान है जहाँ मूकबधिर, दृष्टिबाधित, मानसिक मंदित, शारीरिक दिव्यांग, आटिज्म के दिव्यांग बच्चों के लिए न केवल शिक्षण-प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई अपितु उनके अभिभावकों के लिये भी प्रशिक्षण एवं काउसलिंग की व्यवस्था कराई गई ताकि दिव्यांग बच्चे अपने घर पर भी सहज अध्ययन केन्द्र में दिये गये प्रशिक्षण की निरन्तरता से जीवन को सुगम्य बना सकें। उक्त सहज अध्ययन केन्द्र में दिव्यांगजना हेतु ब्रेल पुस्तकें, श्रव्य सामग्री, सरल भाषा में पाठ्य सामग्री, रैम्प व सहायक उपकरण उपलब्ध है। यह केन्द्र न केवल शिक्षा को सुलभ बनाता है बल्कि समावेशी और समान अवसर देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रयास से दिव्यांग बच्चों का आत्मविशवास बढेगा और वे शिक्षा की मुख्य धारा से बेहतर जुड़ सकेगें। इस प्रकार अध्ययन केन्द्र जनपद के सभी विकास खण्डों में केन्द्रों की स्थापना कराये जाने हेतु अनवरत प्रयास जारी है। जिससे जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। दिव्यांगजनों हेतु इस अनोखी पहल पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की प्रशंसा की गयी।

## पत्नीहंता को आजीवन कारावास की सजा

इटावा। दहेज हत्या के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम सुनीता शर्मा ने आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला बलरई थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर का है। पीड़िता के पिता राम वीर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी शिवानी की शादी सतेंद्र उर्फ रिंकू से हुई थी। शादी के तीन महीने बाद 23 जुलाई 2021 को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालवालों ने पहले सिलेंडर खोलकर आग लगाने का प्रयास किया। इसके बाद करंट लगा दिया। गंभीर रूप से घायल शिवानी को पीजीआई में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच के बाद पति सतेंद्र के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर पति को दोषी पाया। कोर्ट ने दोषी पति पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना न चुकाने की स्थिति में उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।


## मछली से भरा कंटेनर पुलिस ने पकड़ा, चालक, परिचालक समेत तीन गिरफ्तार

इटावा। प्रतिबंधित मछलियों से भरे एक कंटेनर को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गुरुवार तड़के आईटीआई चैराहे से पकड़कर कंटेनर चालक परिचालक संग तीन लोगों को हिरासत में लिया है। तलाशी में ट्रक में 15 कुंतल से अधिक मछली जिंदा एवं मृत अवस्था में बरामद की। जिन्हें शिकारी अपने फायदे के लिए उन्हें प्रतिबंध होने पर प्रजनन काल के समय में शिकार कर दिल्ली बेचने ले जा रहे थे। पुलिस ने ट्रक को सीज कर मत्स्य विभाग को सूचित कर कुंतलों मछलियों को महज 16 हजार रुपय में नीलाम कर दिया। सिविल लाइन थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि गुरुवार को वह टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग पर निकले थे, इसी दौरान मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि औरैया जनपद से एक कंटेनर में अवैध रुप से मछलियों का शिकार कर उन्हें बिक्री के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे के आईटीआई चैराहे पर वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े चार बजे दिल्ली नम्बर के एक कंटेनर को पुलिस ने रुकवाकर जब उसे चेक किया गया तो कंटेर में भारी मात्रा में थमार्काल के कार्टून के अंदर विभिन्न प्रजातियों की मछलिया भरी हुई थी। पुलिस ने कंटेनर चालक अभिमन्यु पुत्र हृदय राम निवासी गोकुलपुर थाना धन्नाहार एवं उसके साथी हेल्पर फिरोजाबाद के इमरान एवं शिकोहाबाद के अरमान को हिरासत में लेकर उनसे मछलियों के संबंध में कागजात नहीं दिखा सके। साथ ही बताया कि उन्हें मछलियों को दिल्ली ले जाने का आर्डर मिला था। पुलिस ने मत्स्य विभाग को सूचना देकर कंटेनर को सीज कर तीनों का चालान कर कोर्ट में पेश किया। जबकि कंटेनर से बरामद हुई 85 पेटी मछलियों वजन लगभग 15 कुंतल में 48 पेटी मछलियों को मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद कुमार के निर्देशन में बोली लगाकर 16 हजार रुपये में नीलाम कराया गया। मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पकड़ी गई मछलिया अवैध तरीके से शिकार कर बेचने के लिए ले जायी जा रही थी। जिसका कि वर्तमान में शिकार करना पूर्ण रुप से प्रतिबंध हैं। मछली से भरे कंटेनर पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही गुरुवार को कई स्थानीय मछली व्यापारियों संग औरैया जनपद के व्यापारी भी मछली खरीद के लिए थाने पर दोपहर से ही जुटने लगे थे और जब विभगा ने नीलामी प्रक्रिया शुरू की तो उसमें भी शामिल हुए। नीलामी आए व्यापारी कहना था कि कुल 85 पेटियों में से केवल 48 की नीलामी हुई और बाकी को खराब बताकर नष्ट कर दिया गया, जिससे लाखों की मछली औने-पौने दामों में नीलाम कर दी गई। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि प्रजनन काल के दौरान मछली का शिकार कर उसे व्यापार के लिए भेजा गया। यह मत्स्य पालन अधिनियम 1956 के तहत दंडनीय अपराध है, बावजूद इसके न तो कोई ठोस कार्यवाही विभागीय स्तर पर दिखी और न ही स्पष्ट जवाबदेही तय हो सकी।

## ओबीसी के नेतृत्व में भागीदारी सम्मेलन आज दिल्ली में

इटावा। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस का पिछड़ा वर्ग विभाग 25 जुलाई को तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी प्रमुख नेता भाग लेंगे इस ओबीसी के विशाल सम्मेलन में देशभर के ओबीसी कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। जनपद से भी लगभग दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता इस सम्मेलन में भाग लेंगे कांग्रेस पार्टी के इस ओबीसी सम्मेलन का उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे।

## करवल-मझगांवा में चल रहे अवैध अस्पताल व क्लीनिक



सुनिल शाही

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे अस्पताल और क्लिनिक की जांच को लेकर क्षेत्र के लोगों में चर्चा का बाजार गर्म है। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने हाटा बाजार में चल रहे अस्पताल और क्लिनिकों की जांच की थी, जिसमें एक मेडिकल स्टोर और एक क्लिनिक को सील किया गया था और 8 अस्पताल और क्लिनिक को नोटिस जारी किए गए थे।

करवल मझगांवा में दर्जनों क्लिनिक और अस्पताल और पैथोलॉजी मौजूद हैं, जो बिना पंजीकरण और आवश्यक सुविधाओं के चल रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का सवाल है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग कब इन अवैध अस्पतालों और क्लिनिकों पर कार्रवाई करेगा। लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग हाटा बाजार जैसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है, जिसमें कोई बड़ी घटना घट जाए, तब जांच टीम सक्रिय होगी। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और अवैध अस्पतालों और क्लिनिकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग कब करवल मझगांवा और अन्य चौराहों पर अवैध रूप से चल रहे अस्पताल और क्लिनिकों पर कार्रवाई करेगा। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि स्वास्थ्य विभाग जल्द ही कार्रवाई करेगा और अवैध अस्पतालों और क्लिनिकों को बंद करवाएगा।

इस संबंध में गगहा सीएससी प्रभारी बृजेश बरनवाल ने बताया कि जल्द ही अन्य चौराहों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## उच्च न्यायालय के आदेश पर जीवकर गांव पहुंचा तहसील प्रशासन

### सरकारी पोखरी पर अवैध अतिक्रमण का मामला



गगहा, गोरखपुर। तहसील प्रशासन की उदासीन रवैया से त्रस्त हो चुके ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो सरकारी पोखरी से अवैध अतिक्रमण हटाकर उसकी खुदाई कराते हुए पोखरी के असली स्वरूप में लाने की कवायद शुरू कर दी गई है ।जिसके क्रम में गुरुवार को पोखरी का सीमांकन राजस्व टीम ने किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, विकास खंड गगहा की ग्राम पंचायत जीवकर में सरकारी पोखरी गाटा सं.23 रकबा 0.397 हे. पर गांव के सुमित मिश्रा सहित दर्जनों लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर लिया और मिटटी पाटकर पोखरी के अस्तित्व को मिटा दिए। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन के अलावा जिलाधिकारी गोरखपुर व मुख्यमंत्री पोर्टल पर आईजीआरएस के माध्यम से कई बार शिकायत किया मगर कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया ।इधर अतिक्रमणकरियों द्वारा लगातार पोखरी पर मिट्टी गिरवाकर पाटा जा रहा था ।ग्रामीणों ने प्रधान के सहयोग से वर्ष 2022 में लिखित शिकायत किया तो एसडीएम बांसगांव के निर्देश पर अतिक्रमणकरियों के विरुद्ध धारा- 67 की कार्यवाही की गई, उसमें में क्षेत्रीय लेखपाल ने मनमानी करते हुए कुछ अतिक्रमण कताओं पर 67की कार्यवाही नहीं किया। लगातार तहसील से जिले का चक्कर काट चुके ग्रामीणों ने न्याय की आस न मिलने की उम्मीद के बाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिस पर न्यायालय ने सीमांकन कर पोखरी की खुदाई कराने आदि आदेश के साथ जिलाधिकारी को तलब किया है ।इस आदेश की जानकारी मिलते ही तहसील के कानूनगो राधेश्याम उपाध्याय अपने अधीनस्थों के साथ जीवकर गांव पहुंचे और पोखरी का सीमांकन कर रिपोर्ट तैयार कराया है। उक्त अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र यादव, कानूनगो राधेश्याम उपाध्याय, लेखपाल आशीष कुमार, सुभाष यादव, गोबिंद गोरखपुरी, राजेश मिश्रा, वेदप्रकाश मिश्र, हनुमान मिश्र, अरविन्द मिश्र, हेमंत मिश्र, भृगुनाथ तिवारी, शत्रुघ्न मिश्रा, सन्तोष सवरिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## युशसं उपाध्यक्ष व पत्रकार की 105 वर्षीय वयोवृद्ध दादी के निधन पर शोक



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के वार्ड संख्या-6 निवासी पत्रकार राजकुमार हिंदुस्तानी तथा युशसं उपाध्यक्ष व एश्प्रा कंपनी के पीएसओ राजेश यादव की 105 वर्षीय दादी धर्मा देवी का बुधवार की पूर्वान्ह निधन हो गया। वह विगत तीन माह से काफी अस्वस्थ चल रही थी। पैतृक आवास पर ही उन्होने अंतिम सांसे ली। निधन की खबर मिलते ही उनके पैतृक आवास पर शोक प्रकट करने वालों का तांता लग गया। उन्होने अपने पीछे दो पुत्र व 10 पौत्र-पौत्रियों एवं प्रपौत्र समेत भरापूरा परिवार छोड़कर गयी है। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम घाट बेवरी गोला पर किया गया। चिता को मुखाग्नि अनके बड़े पुत्र शिवानंद यादव ने दी। उनके निधन पर चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, भाजपा नेत्री अस्मिता चंद, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुध्न कसौधन, पूर्व चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार, पूर्व जिपसं घनानंद यादव, भाजपा नेता नवनीत राय, वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र प्रसाद पाण्डेय, घनश्याम कसौधन, राजेश पाण्डेय, राजेश शर्मा, राकेश यादव, बसंत यादव, रिंकू मिश्रा, अखिलेश तिवारी, अशोक कन्नौजिया, डा बीपी चौरसिया, शशिभूषण राय, राम प्रताप राय, आलोक पाण्डेय, प्रवीण दूबे, राममिलन यादव, बैजनाथ यादव, ऋषि साहनी, राजेश सोनकर व रामू प्रजापति आदि ने शोक प्रकट किया है।

## एमसीए पब्लिक स्कूल में बाल नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के सुअरज स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल पर गुरूवार को क्लास नर्सरी से तीन तक के बच्चों का बाल नृत्य ग्रुप डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया। डांस कंपटीशन में बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी कला का जलवा बिखेरा और खूब वाहवाही बटोरी।

कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय की शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने वीणा वादिनी मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तदुपरांत मंच पर लगे रिबन को काटकर डिस कंपटीशन का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा तीन के रामेष्ट श्याम व हार्दिक की टीम द्वारा ₹मेरा जूता है जापानी, ये पतलून हिंदुस्तानी, सर पर लाल टोपी रूसी फिर भी दिल है हिंदुस्तानी₹ गीत पर सामुहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। नर्सरी के बच्चों का मंच पर मासूमियत के साथ मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। नर्सरी के छात्र छात्राएं सस्कृति, दर्शिता, सिद्धार्थ, साक्षी, काश्वी, अनन्या, सार्थक, श्रेयांश पाठक, वैष्णवी, आकांक्षा व आरती शामिल रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की संगीत एवं नृत्य शिक्षिकाओं ने अपने विभिन्न नृत्य भंगिमाओं द्वारा बच्चों को नृत्य कौशल का भी प्रशिक्षण दिया।

## पौधों को रोपकर जिंदा रखना हमारी जिम्मेदारी



भरथना, इटावा। पौधे रोपित करने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करना अतिमहत्वपूर्ण है। तभी हमारा पर्यावरण संतुलन होना सम्भव है। भले ही हम दो पौधे लगायें, किन्तु उन्हें जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उक्त बात गुरूवार को होली प्वाइंट एकेडमी में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कही। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक अरिमर्दन सिंह व विद्यालय प्रबन्धक डा. प्रदीप चन्द्र पांडेय सहित विभिन्न समाजसेवियों के साथ विद्यालय परिसर में अशोक का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तुलसी, नीम, पीपल, आम व गुलमोहर के करीब एक सैकडा से अधिक पौधे रोपित किये गये। साथ ही प्रबन्धक व समाजसेवियों ने आगन्तुक अतिथियों का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान उपनिरीक्षक राजेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सुबोध दीक्षित, सीके शुक्ल, सुरेश शारदा, भानू वर्मा, कुलदीप त्रिपाठी, संजय पोरवाल, मयंक पोरवाल, सुशांत उपाध्याय, निशान्त पोरवाल, अनिल पोरवाल, गुरूचरण सिंह खालसा, अरूण मोटवानी, गौरव वर्मा, गोविन्द शाक्य, आर्यन दीक्षित, दीपक सिंह चैहान, अनुराधा पाठक, शालिनी चैहान, तान्या दुबे, गौरव शाक्य आदि की अहम भूमिका रही।

## सैनिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

### विधायक सरिता भदौरिया, डीएम- एसएसपी ने लगाये पौधे



उदी, इटावा। बढपुरा क्षेत्र के उदी मोड़ स्थित सैनिक स्कूल के प्रांगण में बृहद पौधारोपण महाअभियान में एक पेड मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया के साथ जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, डीएफओ विकास नायक आदि द्वारा सैनिक स्कूल के बच्चों के साथ परिसर में चयनित मातृ वाटिका में एक एक पेड मां के नाम का लगाया गया।

मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा देश के प्रधानमंत्री एवं उ.प्र. के मुख्यमंत्री द्वारा रोटी, कपड़ा और मकान से हटकर पहली बार पर्यावरण के सही मायने लोगों को समझाने का काम किया है। पेड़ कितने उपयोगी हैं इस ओर भी लोगो का ध्यान आकृष्ट किया है। खुद भी मां के नाम पर पेड़ लगाकर ऐसा संदेश दिया है कि बृक्ष मां की तरह ही हमारे जीवन के उपयोगी है ।मां जिस तरह बच्चों का लालन-पालन करती है उसी तरह बृक्षों से ही हमारा लालन -पालन होगा, बृक्षों से ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। इसी अभियान के तहत सैनिक स्कूल के बच्चों एवं जिलाधिकारी, बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डीएफओ एवं अन्य तमाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सैनिक स्कूल प्रांगण में बृहद पौधारोपण किया गया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कहा कि पौधारोपण महाअभियान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सदर विधायक भदौरिया की मौजूदगी में यहां स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों के साथ बृहद बृक्षारोपण किया गया है। उद्देश्य है कि इस अभियान से सभी लोग जुड़े और यह सतत प्रयास हो रहे हैं ।रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष के अभियान में इटावा नंबर दो पर आया था। जबकि इस वर्ष जिले को नंबर एक पर लाने के लिए प्रयासरत हैं। इस अवसर पर उपप्रभागीय निदेशक विमल कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी अशोक शर्मा, पर्यवरणविद डॉ. राजीव चैहान, डीपी ओ नमामि गंगे संजीव चैहान, भाजपा नेता सागर दुबे, अशोक चैहान, प्रधान शैलू भदौरिया, प्रधान जीतू भदौरिया, संजय प्रताप सिंह, गोल्डी जादौन, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, चंदन पोरवाल ने भी पौधारोपण में भाग लिया गया। सभी ने मां के नाम पर स्कूली परिसर व मातृ वाटिका में पेड़ लगाए।

संक्षेप

### डबल इंजन क्या सभी इंजन मिलकर नहीं दे पा रहे बिजली: अखिलेश प्रताप

**देवरिया।** बिजली कटौती से देवरिया जिले में हाहाकार मचा हुआ है। शहर से लेकर देहात तक में सुबह से लेकर रात तक अघोषित विद्युत कटौती जारी है। जिसको लेकर लोग विद्युत उप केंद्रों पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसको लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश सहित देवरिया में बिजली का गंभीर संकट है देवरिया वासी परेशान है। मगर डबल इंजन सरकार बोलो चारों इंजन सरकार बोलो बिजली नहीं दे पा रही है। सरकार और भाजपाई दावे बहुत करेंगे। मगर काम सबके सामने आ गया है। प्रेस को जारी बयान में श्री सिंह ने कहा है कि देवरिया के सारे जनप्रतिनिधि भाजपाई है हर पद पर इनका कब्जा है। आज देवरिया की जनता बिजली के लिये परेशान है। मगर इन सबकी जुबान खामोश है। डिंगे हाँकनी होगी तो सब बोलते नहीं थकते। मंत्री जी जबसे मंत्री बने है। वो अपने सेठ को बिजली विभाग ही बेचने के लिये दिन रात लगे है। उत्तर प्रदेश में पास पड़ोस के राज्यों से ज्यादा महंगी बिजली है और उ.प्र. में मिलती भी नही है। परेशान लोग पावरहाउस से लेकर सड़कों पर है और सत्ताधारी चैन की नींद में है। उन्होंने कहा है कि भाजपाईयो तुम सिर्फ बेच सकते हो बना नहीं सकते हो। इसका जवाब जनता 27 के चुनाव में सत्ता से बेदखल कर देगी।

### शोधरत छात्रा उषा वर्मा ने उत्तीर्ण की जेआरएफ परीक्षा



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की शोधरत छात्रा उषा वर्मा ने नेट/ जेआरएफ जून 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। उषा वर्मा डॉ.अवध नारायन के निर्देशन में पीएचडी कर रही है।

इस उपलब्धि पर विभाग के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के कसया थाना क्षेत्र में पुलिस और पशु तस्कर के बीच हुई मुठभेड़ में एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, जिससे पुलिस ने घायलावस्था में गिरफ्तार किया।

- 06 गौवंश, एक अवैध तमंचा, लकड़ी का ठीहा बरामद

पुलिसिया कहानी के अनुसार कसया पुलिस को थाना क्षेत्र में पशु तस्करों के होने की सूचना प्राप्त हुई। योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें कसया, रामकोला व खड्डा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एयरपोर्ट रोड कब्रिस्तान के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीमों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिसकी पहचान मकसूद पुत्र सुभान साकिन पुरखास थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार के रुप में हुई, जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। मौके/कब्जे से 06 गौवंश, एक पिकप वाहन, 01 अवैध तमन्चा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, एक लकडी का ठीहा, एक बांका, 4 सौ रुपया नगद आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त ने पूछ-ताछ मे बताया गया कि विभिन्न जनपदों से गोवंशीय पशुओं को वाहनों पर क्रुरतापूर्वक लाद कर वध हेतु बिहार ले जाते है। गौकशी कर अवैध धन अर्जित करते है।

## नशे में धुत्त युवकों ने आरो प्लांट संचालक को मारी गोली

**देवरिया।** जनपद के सदर कोतवाली इलाके के लंगडी देवरिया मोहल्ले में बाइक सवार बदमाशों ने आरो प्लांट संचालक अमरेश कुशवाहा के पैर में गोली मार दी। घायल अवस्था में अमरेश कुशवाहा को देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें अमरेश कुशवाहा आरो प्लांट चलाते हैं और आज सुबह गाड़ी से पानी लेकर जा रहे थे। तभी बदमाशों ने उनसे पीने के लिए पानी मांगा पानी देने के बाद बदमाशों ने अचानक अमरेश कुशवाहा के पैर में गोली मार दी। आसपास के लोगों ने अमरेश अस्पताल पहुंचाया। वही अमरेश कुशवाहा ने बताया कि घटना सुबह 5 से 6 बजे के बीच की है।वह पानी लेकर जा रहे थे। बदमाशों ने पहले उनकी रेकी की। एक बार घूम कर दोबारा चौराहे से आए और पानी मांगा। पानी देने के बाद पैर में गोली मार दी। इस संबंध में सीओ सिटी संजय रेड्डी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विद्युत कटौती के विरोध में ऊर्जा मंत्री का सपा कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

**बरहज,देवरिया।** बरहज क्षेत्र में ध्वस्त बिजली व्यवस्था के खिलाफ सपा कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन कर ऊर्जा मंत्री का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन किया। विद्युत वितरण केंद्र के घेराव की चेतावनी दी ।इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी हैं। ऊर्जा मंत्री सिर्फ.नाम के मंत्री हैं। उनका विभाग में कुछ नहीं चल रहा हैं। जनता बिजली कटौती से परेशान हैं। रोज बिजली जांच के नाम पर जनता का शोषण किया जा रहा हैं। उसके बाद भी पर्याप्त मात्रा में जनता को बिजली नहीं मिल रही है। इस सरकार में किसान नौजवान बेरोजगार सभी तपका परेशान है। युवा नेता विकास यादव ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा जनता से मनमानी तरीके से वसूली की जा रही हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद पूर्व में जिनका बिजली बिल पांच सौ रुपए आता था अब उसका बिल पांच हजार रुपए आ रहा है। जिसे ठीक कराने के लिए उपकेंद्र पर लोगों को दर दर भटकना पड़ रहा हैं। बरहज विधानसभा की विद्युत व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी के युवा नौजवान बरहज विद्युत उपकेंद्र को घेरने का काम करेंगे। इस दौरान संजय सिंह, राहुल तिवारी, अनिल मिश्र, राम कुमार पांडेय, राकेश सिंह, राहुल यादव, रामसजन, राकेश शर्मा, श्रीकांत मिश्र, आदित्य कुमार मौजूद रहे।

## घायल अमरेश का भाजपा जिलाध्यक्ष ने जाना हाल

**देवरिया ।** देवरिया के लंगड़ी गांव में आर ओ प्लांट संचालक अमरेश कुशवाहा जोकि भाजपा के बैकुंठपुर मंडल के अध्यक्ष का भांजा है, को अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने पैर में गोली मार दी जिससे अमरेश बुरी तरह घायल हो गया । आनन फानन में अमरेश को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है । घटना की जानकारी होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायल अमरेश का हाल चाल जाना तथा बेहतर उपचार के लिए डाक्टरों की टीम को निर्देशित किया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है जो भी अपराधी होगा जल्द ही उनको पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी ।अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है जल्द ही उन्हें ढूंढ कर उनकी असली जगह पहुंचा दिया जाएगा ।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस के शासन में अपराधियों की जगह जेल है और जल्द उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाने का काम पुलिस करेगी ।इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा सहित उनके परिजन मौजूद रहे ।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक 30 को आयोजित

**देवरिया ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, देवरिया ने बताया है कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक 30 जुलाई 2025 को सायं 4:00 बजे अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट देवरिया में संपन्न होगी। पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के निवारण हेतु लिखित प्रार्थना पत्र तीन प्रतियों में दिनांक 26 जुलाई 2025 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देवरिया में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को प्रस्तुत करें, ताकि उनके उचित समाधान की कार्रवाई की जा सके।

## इंटरनेट मीडिया पर खूब हो रही आलोचना

**बरहज,देवरिया।** बरहज, भलुवनी क्षेत्र में दिन में विद्युत कटौती से गर्मी के मौसम में हाहाकार मचा है। लोगों को बिजली नहीं मिलने से काफी दिक्कतें हो रही हैं। सबसे मुसीबत में भीषण गर्मी में बच्चे और महिलाएं है। हल्की, वर्षा, हवा के कारण बिजली कट जा रही है। रात में भी बिजली नहीं मिल रही है। रात्रि में कुछ समय के अंतराल पर कटौती लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। फाल्ट आदि की समस्या नासूर बन गई है। माहीगंज बिजली उपकेंद्र से महेन, मदनपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति की जाती है। करीब 140 गांवों को दोनों फीडर से विद्युत वितरण होता है। बरहज तहसील परिसर स्थित उपकेंद्र से नगर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति होती है। जयनगर उपकेंद्र से ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति होती है। दिन में नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से व्यवसायिक कार्य, कार्यालयों में काफी दिक्कतें हो रही है। कामकाज जनरेटर पर निर्भर हो गया है। 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का रोस्टर है। छह घंटे कटौती है। घंटों बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। सबसे मुसीबत जर्जर तार बने है। हवा के झोंके में टूटने से आपूर्ति में बाधा बने है। छह से नौ बजे तक बिजली आपूर्ति आती जाती रहती है। अनिल निषाद, पीयूष चावला बताते हैं कि दिन तो दिन रात में भी बिजली नहीं मिल रही है। जरार विद्युत वितरण केंद्र से भलुवनी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति होती है। यहां दिन में बिजली नदारद रहती है। उमस भरी गर्मी में आमजन बेहाल है। फाल्ट रोज की समस्या बन गई है। घरों में महिलाओं, बच्चों का रहना मुश्किल हो गया हैं। विद्युत आधारित करोबार प्रभावित है। लोगों में विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था को लेकर गुस्सा है

# डयूटी में लगे अधिकारी निभायें पूरी जिम्मेदारी: जिलाधिकारी

**कुशीनगर।** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्री) परिक्षा 2023 दिनांक 27 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 9.30 बजे 12.30 बजे तक, जनपद के 18 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, उक्त परीक्षा 8183 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। अधिकारी गण प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त कर लें, उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा वीसी के माध्यम से दी गई जानकारी एवं गाइडलाइन अनुसार अपने कार्यो की पूर्ण रूप से जानकारी कर लें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा भी ड्यूटी लगा दी गई है। उन्होंने परीक्षा

- 27 जुलाई को होगी समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा
- जनपद में बनाए गए कुल 18 परीक्षा केंद्र
- किसी भी स्तर पर परीक्षा की सुचिता संदिग्ध न हो: एडीएम

सफल संचालन हेतु नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार किया गया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सभी अधिकारी गण अनुभवी हैं निर्वाचन की तरह सभी मजिस्ट्रेट गण अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तन्मयता से संपादित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिनकी ड्यूटी लगी है तथा जो रिजर्व में नामित हैं वो सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों के इंट्री से संबंधित विस्तृत रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि आई कार्ड की जांच, इलेक्ट्रिक उपकरणों आदि की जांच उपरांत ही किसी की इंट्री कराई जाय। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अराजक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाई जाती है तो उस ध्यान न दें तथा उसकी रिपोर्ट हमें प्रेषित की जाए ताकि जांचोपरांत कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त परीक्षा दौरान एक्टिव रहें। कहा कि जो पेपर/ वाहन जिस विद्यालय हेतु नामित है वो वहीं पर जाना चाहिए, इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा सभी अधिकारियों को उक्त परीक्षा को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण व नकलविहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। परीक्षा को सुचारू, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत की गयी तैयारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को दी गयी जिम्मेदारियों आदि के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को परीक्षा की बारीकियों से अवगत कराते हुए गाइडलाइन का अध्ययन कर लिए जाने का निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित समस्त अधिकारी अपने कार्यदायित्वों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। अपर जिलाधिकारी ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र अधीक्षकों तथा अन्य संबंधितों को निर्देशित किया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलबिहीन संपन्न कराना सभी का दायित्व है। सभी लोग निर्धारित समय से 15 मिनट पहले ड्यूटी पर उपस्थित हो जाए। उन्होंने प्रश्नपत्रों, उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने से लेकर परीक्षा केन्द्रों पर वितरण कराने, परीक्षा के दौरान सतत मॉनिटरिंग करने एवं अपनी डयूटी के अनुसार पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने आदि के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के दौरान दिये गये निदेशों का अक्षरः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कही पर भी अनियमित्ता अथवा लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी केंद्र अधीक्षकों व्यवस्थापकों से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे, इसके अलावा शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आदि बैठने की समुचित व्यवस्था कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट पूर्व में ही सभी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण अवश्य कर ले। उन्होंने कहा कि जो परीक्षा संपन्न कराने के लिए जो निर्देश जारी किए गए हैं उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना है। उन्होंने कहा कि हमे हर स्तर पर पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है किसी भी दशा में निर्धारित डयूटी अथवा नियमों के इतर कार्य नही करना है। अतः इस बात पर विशेष ध्यान देना है कि किसी भी स्तर पर परीक्षा की सुचिता संदिग्ध नही होनी चाहिए। सभी को अपनी डयूटी का कड़ाई से निर्वहन करना है। उन्होंने बताया कि सभी केंद्र प्रभारी तथा परीक्षा में लगे सभी अधिकारी गण यह ध्यान दे कि परीक्षा को संपन्न कराने के लिए दिए गए सभी निदेर्शों का अनुपालन करें। क्षेत्राधिकारी पडरौना ने कहा कि परीक्षा को सुरक्षित सम्पन्न कराने एवं शासन की मंशा के अनुसार कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, पुलिस निरीक्षक, पुरुष एवं महिला कांस्टेबल की व्यवस्था करायी गयी है।

# आपसी समन्वय से एमडीए अभियान को बनायें सफल : सीडीओ

जिला संवाददाता

*देवरिया, 24 जुलाई ।* मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में वृहस्पतिवार को जिला समन्वय समिति व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गई,

- एमडीए अभियान से सम्बंधित जिला समन्वय समिति और जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

जिसमें 10 अगस्त से चलने वाले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय के साथ एमडीए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों को जन जागरूकता अभियान और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, पंचायती राज और अन्य विभागों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए 10 अगस्त से खिलाई जाने वाली दवा के बारे में समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में एमडीए अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें।

यह भी बताया गया कि 10 अगस्त से देवरिया के भागलपुर और भलुअनी ब्लॉक में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान शुरू किया जाएगा। सीडीओ प्रत्युष पाण्डेय ने जननी सुरक्षा योजना, नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, टीबी, मातृत्व स्वास्थ्य सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमो पर चर्चा की किया और दिशा निर्देश दिया।

बैठक में सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डॉ अजय शाही, एसीएमओ डॉ एसके सिन्हा, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डॉ आरपी यादव, डीटीओ डॉ राजेश कुमार, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, डीएमओ सीपी मिश्रा, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, सीफार, पाथ, यूनिसेफ, पीसीआई, यूपीटीएसयू के प्रतिनिधि सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हिंदू नाबालिग लड़की का धर्म परिवर्तन और दुष्कर्म के मामले में एक गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना पर वादी पिता द्वारा तहरीर दिया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री उम्र लगभग 14 वर्ष को समसाद उर्फ मुन्ना पुत्र साबिर ग्राम पिपराबाजार थाना नेबुआ नौरंगिया भगा ले जाया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नेबुआ नौरंगिया पर मु0अ0सं0 270/2025 पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पीड़िता की सकुशल बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके क्रम में गुरुवार को थाना नेबुआ नौरंगिया की पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त समसाद उर्फ मुन्ना पुत्र साबिर ग्राम पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि पूछ-ताछ में यह पता चला कि वादी की नाबालिग पुत्री को अभियुक्त समसाद उर्फ मुन्ना पुत्र साबिर साकिन पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया द्वारा धर्म परिवर्तन कराकर दुष्कर्म किया गया तथा उसके द्वारा बताया गया कि वह बैंगलोर में कमा रहा था, वर्तमान में पीड़िता को भगाकर धर्मपरिवर्तन करा कर केरला (राज्य) के नजदीक लेकर गया था। अभियुक्त द्वारा पीड़िता का नाम बदलकर नरगीस खातून कर दिया गया और इसी नाम से आधार कार्ड बनवा दिया गया।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मत्स्य विभाग की योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**देवरिया ।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण श्री विजय कुमार मिश्र ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आमजन को लाभान्वित करने हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इच्छुक लाभार्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से दिनांक 14 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

जिन प्रमुख योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, उनमें मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना, तथा उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मछली विक्रय हेतु मोपेड विद आइसबॉक्स परियोजना एवं अन्तर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास, प्रदर्शनी एवं सेमिनारों के लिए मत्स्य पालकों/मछुआरों का प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम शामिल हैं।

उन्होने बताया कि इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक योजना हेतु अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। योजनाओं के अंतर्गत परियोजना विवरण, इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक संलग्नक तथा विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इन योजनाओं में किसी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वही संशोधित प्रावधान प्रभावी माने जाएंगे। साथ ही, पूर्व वर्षों में जिन आवेदकों के आवेदन निरस्त किए गए थे या जो प्रतीक्षासूची में थे, वे पुनः आवेदन करने के पात्र होंगे। योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कोई भी इच्छुक व्यक्ति मत्स्य विभाग के जनपदीय, मण्डलीय अथवा मत्स्य निदेशालय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकता है।

# स्मार्ट सिटी के लिए जमीन नहीं देने पर अड़े किसान

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय राज मार्ग 28बी कसया - पडरौना मार्ग पर बाडीपुल चौराहे के समीप श्यामपुर और साखोपार के किसानों की उपजाऊ जमीन पर प्रस्तावित स्मार्ट सिटी को अपनी उपजाऊ जमीन न देने पर किसान अड़ गए हैं। किसानों ने मांग किया है कि उनकी बहु फसली वाली

- धोखे में रख कराए जा रहे सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के आरोप
- बहु फसली भूमि के बजाय सीलिंग, बंजर या अन्यत्र स्थापित करें परियोजना: किसान
- स्मार्ट सीटी योजना में एक हजार किसान हो रहे प्रभावित, 400 होंगे भूमिहीन

उपजाऊ भूमि के बजाय बंजर, लो लैंड, सीलिंग या अन्य भूमि पर यह परियोजना लगाई जाय। किसानों ने आरोप लगाया कि धोखे में रखकर उनकी बेशकीमती जमीन की सौदेबाजी प्रशासन और बिचौलिए कर रहे हैं और सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। उपजाऊ भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक पवन कुमार पाठक ने बताया कि हम किसानों की जमीन बहु फसली है और इसी से परिवार का भरण पोषण होता है लेकिन राजस्व विभाग ने हमारी जमीनों का गलत सर्वे कर बंजर की रिपोर्ट लगा दिया है। जबकि यहां की जमीन काफी उपजाऊ और डूब क्षेत्र की नहीं है। बावजूद इसके किसानों में फूट डालकर राजस्वकर्मी जमीन के लिए डोर टू डोर के बजाय उन लोगों के घर बैठकर करा रहे हैं जो धोखे से विकास के नाम पर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। राम जी चौबे ने कहा कि हम सभी खेती पर निर्भर हैं। अगर अन्न नहीं मिलेगा तो परिवार कैसे जिंदा रहेगा। अवधेश प्रताप सिंह, गिरिजेश चौबे, ओम प्रकाश सिंह, स्वामी नाथ प्रसाद, कृष्णा सिंह, अजीत चौबे आदि किसानों ने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना में एक हजार किसान प्रभावित हो रहे है और 400 के करीब भूमिहीन हो रहे हैं। छोटे और बड़े किसान प्रभावित हैं।

### भूमि बचाने को लेकर आंदोलित हैं प्रभावित किसान

स्मार्ट सीटी में अपनी जमीन न देने के विरोध में 10 जून 2025 को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से 223 किसानों के हस्ताक्षर से प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, आयुक्त, गोरखपुर, जिलाधिकारी कुशीनगर, एसडीएम कसया, तहसीलदार कसया को पत्र भेजकर परियोजना किसान हित में अन्यत्र स्थापित करने का निवेदन किया। पुनः 11 जून को 248 किसानों के हस्ताक्षर से पत्र भेज कर अपील किया कि उनकी उपजाऊ भूमि न ली जाय। बावजूद स्मार्ट सिटी के लिए राजस्व कर्मियों द्वारा प्रशासन के निर्देश पर सर्वे शुरू कर दिया गया।

यह सब देख किसान आंदोलित हो गए और लगातार अपनी जमीन बचाने के लिए आला अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अड़ियल अधिकारी उनकी सुधी नहीं ले रहे हैं और जमीन लेने के लिए तरह तरह का हथकंडा अपना रहे हैं।किसानों ने कहाः औने पौने दाम पर ली जा रही बेशकीमती जमीन

किसानों ने कहा कि उनकी उपजाऊ बेशकीमती जमीन औने पौने दामों पर किसानों को धोखे में रखकर ली जा रही हैं। जोत की जमीन जहां 4 लाख कट्ठा ली जा रही है, वहीं चक रोड के किनारे 5 लाख रुपए और मुख्य कसया पडरौना मार्ग पर 7 लाख रुपए ली जा रही है। जबकि अधिग्रहण अध्यादेश का उल्लंघन किया जा रहा है और करार एक्ट के तहत सहमति पत्र पर खास लोगों के घर बैठकर हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। वर्तमान में कसया पडरौना मार्ग पर यह जमीन पचास लाख रुपए कट्ठा की चल रही हैं। स्मार्ट सिटी के नाम पर उपजाऊ भूमि की लूट का खेल चल रहा है।

### क्या है स्मार्ट सिटी

विकसित भारत मिशन के तहत शहरी क्षेत्रों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। अगर स्मार्ट सिटी बनता है तो उसमें बिजली, पानी, जल निकास, सड़क, प्रकाश, कचरा प्रबंधन, शहर में आने जाने के लिए बेहतर परिवहन की व्यवस्था, ई गवर्नेंस, नागरिक सुरक्षा, शासन में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि, लेखपाल गौरव सिंह और उनकी टीम ने सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है। इस योजना के लिए 100 एकड़ से अधिक भूमि की आवश्यकता होगी। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के लिए सहमति पत्र पर किसानों से हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी बनने से कसया और पडरौना की शहरी दूरी कम हो जाएगी। एयरपोर्ट की सुविधा और बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार साथ आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

### एसडीएम बोले

कसया एसडीएम आशुतोष कुमार ने कहा कि शासन के आदेश के क्रम में स्मार्ट सिटी के विकास को लेकर सर्वे का कार्य चल रहा है, मुआवजे को लेकर किसानों से सहमति बनती है तो कार्य आगे बढ़ेगा

## एमओयू से देशभर के पुस्तकालयों से ऑनलाइन जुड़ सकेंगे छात्र-छात्राएं

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एवं सूचना पुस्तकालय नेटवर्क (इन्फ्लिबनेट) के मध्य किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के अटलबिहारी वाजपेई साइटिफिक कन्वेंशन सेंटर में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में एमओयू हुआ। इन्पिलबनेट की निदेशक प्रो. देविका पी मदली एवं एनडी कृषि अयोध्या के कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। कुलपति ने कहा कि इस एमओयू से विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को सूचना के आधुनिक तंत्र से कनेक्टिविटी मिल जायेगी। इन्फ्लिबनेट र दिया जायेगा। शिक्षण संसाधन सामग्री एक दूसरे के साथ साझा कर सहयोग में सहायता मिलेगी। श्रव्य सामाग्री, कांप्यूटर डाटा, मल्टीमीडिया से ऑनलाइन जुड़ने की सुविधा शोधार्थियों एवं छात्रों को मिल पाएगी। अब पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर उच्च गुणवत्ता वाली ई सामग्री, शोध संदर्भ की पुस्तक, यूजीसी की ई-पीजी पाठशाला का लाभ छात्रों को मिल सकेगा।

## दिव्यांगजनों को बांटी गई मच्छरदानियां स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**देवरिया, ।** विकास खंड देसही देवरिया के पकड़ी वीरभद्र कॉलेज में गौतम बुद्ध पूर्वांचल विकलांग सेवा समिति द्वारा डेंगू एवं अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए दिव्यांगजनों के मध्य मच्छरदानियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मा. रीतू शाही एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल रहीं। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

आयोग की सदस्य श्रीमती शाही ने अपने संबोधन में कहा कि सकारात्मक सोच और आत्मबल के सहारे जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानसिक मजबूती किसी भी परिस्थिति को बदलने की शक्ति रखती है। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाना चाहिए।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे संवेदनशील और सक्रिय प्रयास अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक दायित्वों को समझते हुए थोड़ा-थोड़ा सहयोग करे, तो राष्ट्र की प्रगति निश्चित है।

इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्रीमती प्रियंका चौधरी, खंड विकास अधिकारी देसही देवरिया, समिति के अध्यक्ष अजय शाही, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, व्यवस्थापक मनीष सिंह, स्वतंत्रदेव यादव, मंशा देवी, जानकी, विमला, प्रधानाचार्य, आलोक, ग्राम प्रधान डॉ. शैलेश चौहान (पकड़ी वीरभद्र), सोनबरसा ग्राम प्रधान जमुना शरण मदेशिया, दिनदयाल शर्मा, ए.एस. अली, सत्येन्द्र यादव, साहिबा खातून आदि उपस्थित रहे। *

संक्षेप

## जीआरपी सिपाही ने बचाई यात्री की जान

**सीतापुर**। सीतापुर रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार सुबह उस समय एक बड़ा हादसा होते होते बचा जब ट्रेन संख्या 15212 सीतापुर जंक्शन पर पहुंची और इस दौरान साहिल कुमार पुत्र उमाशंकर महतो निवासी थुम्मा, थाना किशनगढ़, जिला सीतामढ़ी, बिहार चलती ट्रेन से फिसलकर गिर गया। देखते ही देखते वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच आ गया तभी मौके पर ड्यूटी पर तैनात जीआरपी कांस्टेबल रजनीश कुमार और आरपीएफ स्टाफ कांस्टेबल धीरेन्द्र कुमार ने बिना एक पल गंवाए अपनी जान की परवाह किए बिना तत्परता दिखाते हुए साहिल को चलती ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच से खींचकर बाहर निकाल लिया। साहिल को किसी प्रकार की चोट नहीं आई और उसे सकुशल वहां से रवाना किया गया। इस बहादुरी भरे कृत्य को देख प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों ने दोनों जवानों की दिल खोलकर प्रशंसा की।

## सर्प दंश से बच्चे की मौत

**सीतापुर**। कोतवाली बिसवां दलाके के छत पर सो रही एक बालिका की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अंदुपुर निवासी दीपू की 7 वर्षीय बेटी छत पर सो रही थी रात करीब 2 बजे उसे विषैले सांप ने काट लिया। बच्ची ने अपनी मां को इस बारे में बताया मां ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और बच्ची को सोने को कह दिया। सुबह करीब 5 बजे जब बच्ची की हालत बिगड़ी तो परिवार वाले उसे एम्बुलेंस से सीएचसी सांडा ले गए। वहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

## मत्स्य विभाग की योजना का लाभ पाने को करें आवेदन

**उन्नाव**। मत्स्य विभाग ने अपनी विभिन्न योजनाओं में आवेदन के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित की। यह पोर्टल निर्धारित तिथियों में खोला गया है। ताकि आमजनमानस इसके लिए आवेदन कर सके। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, सघन मत्स्य पालन एरेशन सिस्टम की स्थापना, निषादराज बोट सब्सिडी, उत्तर प्रदेश कल्याण कोष में मछली विक्रय के लिए मोपेड विद आइस बाक्स परियोजना, अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण दक्षता विकास प्रदर्शनी औरी सेमिनारों के लिए मत्स्य पालकों व मछुआरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा।

## 28 जुलाई को पारंपरिक रुद्राभिषेक और भंडारे का आयोजन

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम धानीखेड़ा पशु बाजार स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास के पावन अवसर पर 28 जुलाई को पारंपरिक रूप से भव्य श्रृंगार, रुद्राभिषेक एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। श्री मुक्तेश्वर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष कालिका सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन मास के तीसरे सोमवार को देवाधिदेव महादेव का विशेष श्रृंगार एवं रुद्राभिषेक विधि-विधानपूर्वक किया जाएगा। इसके उपरांत भक्तों के लिए दोपहर से भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे समय पर पहुंचकर पूजन-अर्चन व भंडारे में सहभागिता करें और पुण्य लाभ अर्जित करें।

## भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियो की बैठक आहूत

**सीतापुर**। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कारगिल विजय दिवस की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। एवं उपस्थित पदाधिकारियों को कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रमो के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्य दायित्व का वितरण भी किया गया। साथ ही संगठन के निरंतर चलने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर संजय मिश्रा नैमिष रत्न तिवारी, इंदू सिंह चैहान, राजकुमार अग्रवाल, जीतेन्द्र मेहरोत्रा, नीरज वर्मा झल्लर, विष्णु मौर्य, उदित बाजपेई, जया सिंह, राजन गुप्ता, पंकज पांडे, अमित दीक्षित, रमेश दीपू भार्गव, राम किशन पाल सचिन मिश्रा संजय भार्गव सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी की 6 घटनाओं का पर्दाफाश, 3 शातिर गिरफ्तार




जिला संवाददाता

**सीतापुर**। सकरन पुलिस ने बिगत दिनों इलाके में हुई छह चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के पास से एक लाख की नकदी सोने चांदी के आभूषण व अवैध शस्त्र बरामद कर उन्हे जेल भेज दिया है। सीओ बिसवां दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में सकरन पुलिस टीम ने चोरी, नकबजनी घटना में संलिप्त 3 अभियुक्तों हलीम पुत्र रसूल अहमद निवासी ग्राम समोडी डीह थाना तम्बौर जलील उर्फ जल्ला

**● एक लाख की नकदी समेत सोने चांदी के जेवर बरामद**

पुत्र शरीफ निवासी ग्राम अकबरपुर थाना तम्बौर राहुल पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम शेखनपुरवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर को थाना क्षेत्र के ग्राम गयादीनपुरवा के पहले नदी के पास पुल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकडे गए अभियुक्तों के पास से चोरी का सामान 1 लाख 200 रुपये की नकदी 14 जोड़ी पायल सफेद धातु, 4 अदद अंगूठी पीली धातु, 9 जोड़ी बिछिया सफेद धातु, 2 जोड़ी बाली पीली धातु, 2 अदद जंजीर सफेद धातु, 2 अदद ओम पीली धातु तथा एक अदद पेंचकस व एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम तीनो लोगो ने मिलकर 28 जून की रात्रि मे ग्राम सिरकिड़ा मे एक मकान के पीछे खिडकी मे लगी जाली फाडकर चोरी की थी व उसी रात ग्राम इटौवा मे एक घर मे गली के किनारे बाउन्ड्रीवाल के सहारे छत पर सोये व्यक्ति के पास से चाभी उठाकर घर मे घुस कर चोरी किये थे।

इसके अलावा 18 जून की रात्रि मे ग्राम लालुपुरवा मे एक घर से 19 जुलाई को ग्राम रैंघटा मे मे चोरी की थी इसके अलावा 16 जुलाई को तम्बौर थाना क्षेत्र के धामीपुर गांव मे दो घरो मे चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। उक्त घटनाओं के संबंध में थाना सकरन तथा थाना तम्बौर पंजीकृत है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हें जिनके विरुद्ध पूर्व में भी चोरीध्नकबजनी आदि जैसी घटनाओं के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत हैं तथा अभियुक्त जलील उर्फ जल्ला उपरोक्त एक अंतर्जनपदीय अपराधी है जो जनपद प्रतापगढ़ में भी कई चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी में उ0नि0 देवेन्द्र कुमार सिंह ,उ0नि0 वीर सिंह गौर, हे.का. घनश्याम, का. किरनपाल व का. रविकांत, का. रवि, का. मनोज, का. नरेन्द्र आदि सामिल रहे पुलिस ने सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विस्तार से की गई चर्चा

**महोली /सीतापुर**। नगर पंचायत सभागार में बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्षा केतुका व अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के सभी वार्डों में स्थान चिन्हित कर हरिशंकरी पौधरोपण के लिए जागरूक किया गया । बैठक मे हरिशंकरी पौधो से मिलने वाले लाभ के बारे मे जानकारी दी गई। ईओ बताया की पौधारोपण के साथ-साथ उसे बचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की होनी चाहिए। इन दोनों बारिश का मौसम है जिसके चलते किए गए पौधरोपण से जल्द ही पौधे वृक्ष का रूप धारण करते हैं। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विस्तार से चर्चा की गई । उन्होंने कहा की हरिशंकरी वृक्ष का आध्यात्मिक व पौराणिक महत्व है। पीपल बरगद व पाकड़ के सम्मिलित रोपड़ को हरिशंकरी कहते हैं। सनातन धर्म में इन वृक्षों की पूजा होती है। इस दौरान दिनेश कुमार गुप्ता वीरेंद्र सिंह, रूप कुमार वर्मा, डॉ कौशल कुमार पांडे ,उमेश चंद्र श्रीवास्तव, अनिल द्विवेदी, कमलेश मिश्रा, इंद्र प्रकाश गुप्ता ,अरविंद चैधरी ,प्रवीण शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## नागरिकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया जायः जिलाधिकारी




जिला संवाददाता

**सीतापुर**। जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा के संबंध में किए गए कार्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। ?जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क़ सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चैराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए। सड़कों के किनारे पटरियों को भी ठीक कराया जाये।

इसके साथ ही मुख्य मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटवाया जाये। दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चिह्नित स्थलों पर संकेतक स्थापित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की सहभागिता भी सुनिश्चित हो। नागरिकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी हो। ?जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुसार ही विद्यालय वाहनों का संचालन किया जाय। चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सत्यापन नियमानुसार कराया जाये। मानकों के अनुसार निर्धारित वाहनों को ही संचालित किया जाये एवं वाहनों पर सभी आवश्यक जानकारियां अवश्य अंकित करायी जाये। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए औचक निरीक्षण भी किए जाए।

# जिला अस्पताल में नेत्र चिकित्सक रहते हैं नदारद



जिला संवाददाता

**उन्नाव**। जिला अस्पताल में नेत्र चिकित्सकों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही हैं। तीन नेत्र चिकित्सक के होते हुए भी मरीजों को लंबे समय तक इलाज के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। जिसमें जब डॉ फैजल जुबैर की ओटी होती है, तब उनके कक्ष में वरिष्ठ परामर्शदाता नेत्र चिकित्सक डॉ रियाज अली मिर्जा मरीजों को देखते हैं। उसपर भी सिर्फ ओपीडी रजिस्टर पर ही मरीजों के नाम चढ़े होते हैं। लेकिन हकीकत कुछ और बयां कर रही है। यह फोटो वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ रियाज अली मिर्जा के कक्ष की वृहस्पतिवार की है। घंटों डॉक्टर अपने कक्ष से नदारद रहे। और दूसरे लापरवाह नेत्र सर्जन डॉ संजीव कुमार की लापरवाही कायम है। जब ओपीडी के दिन अपने कक्ष में ना बैठने और मरीजों को न देखने की खबर अखबारों में सुर्खियां बटोरने लगी तो नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार अपने डिप्टी सीएमएस का कार्यभार संभालने और आफिस का काम देखने का बहाना बताकर ओपीडी करने से बचते रहे। लेकिन सवाल इस बात का उठता है कि जिम्मेदार पद पर होते हुए भी अपनी जिम्मेदारियों को नजरंदाज करना और अपनी मानसिकता को बदल लेना कि हम ओपीडी करेंगे तो हमारी डिप्टी सीएमएस पद की गरिमा खराब होगी। इससे तो ये साफ समझ में आ रहा है कि गैरजिम्मेदार नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार डॉक्टर के पेशे को बदनाम कर रहे हैं। लापरवाही यही से थमी जिला अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र सर्जन के कक्ष में ट्रेनिंग करने वाले छात्र चिकित्सक के ना होने पर मरीजों को देखकर उनके ओपीडी पर्चे पर दवा लिख रहे हैं।

### ट्रेनिंग छात्र लिख रहे दवा

जब डॉक्टर की ओपीडी में बैठे ट्रेनिंग छात्र से पूछा गया कि डॉक्टर के बिना सलाह के मरीजों को आप दवा लिख रहे हैं तो उनका जवाब मिला आई एम डॉक्टर जिला अस्पताल वहीं जगह है, जहां मरीज उम्मीद लेकर आते हैं। कि उन्हें बेहतर इलाज मिलेगा। लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है।

यहां ओपीडी की हालत ये है कि यहां मरीजों का इलाज ट्रेनिंग कर रहे छात्र कर रहे हैं। वो भी बिना किसी डॉक्टर की निगरानी में जहां एक ओर जान बचाने की दौड़ होनी चाहिए, वहीं ट्रायल से इलाज हो रहा है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही इतनी है कि नर्सिंग और पेरामेडिकल के छात्र ही अब डॉक्टरों की भूमिका में आ गए हैं। पूछने पर बताया जाएगा स्टाफ की भारी कमी है। लेकिन हकीकत में जो डॉक्टर है अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेते हैं।

### आकड़े उठा रहे कार्य की कमठता पर सवाल!

सवाल यह उठता है कि अपने निर्धारित दिन में ओपीडी क्यों नहीं करते नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार साहब की कर्मठता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनवरी से जून माह तक अपने साथी डॉक्टर के सापेक्ष में महज 16 फीसदी मरीज ही देखे आंकड़े के मुताबिक जनवरी से 13 जून तक डॉक्टर फैजल जुबैर ने कुल 33001 मरीज देखें जिनमें से कई का ऑपरेशन भी किया वहीं डॉ संजीव कुमार ने 5283 मरीज ही देखे हैं। सरकार की तरफ से स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लाख दावे किए जाते हैं, लेकिन उन्नाव जिला अस्पताल उन दावों की सच्चाई बयां कर रहा हैं। अब देखना यह होगा कि इस खबर के बाद जिम्मेदार जागते हैं या फिर लापरवाही ऐसे ही चलती रहेगी।

### क्या बोले सीएमएस

आज जब सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता को ओपीडी में वरिष्ठ परामर्शदाता नेत्र चिकित्सक डॉ रियाज अली मिर्जा को अपने कक्ष में ना होने की और ट्रेनिंग छात्र को मरीज देखने की और डॉ संजीव कुमार को ओपीडी ना करने की जानकारी पूछी गई तो वो भी कोई जवाब नहीं दे पाएं।

प्रभारी सीएमओ डॉ एचएन प्रसाद से जानकारी लेना चाहा लेकिन मीटिंग में होने के कारण बात नहीं हो पाई।

## चोरों ने घर में रखी नकदी व जेवरात समेत 25 हजार का माल किया पार



**सीतापुर**। जिले के इमलिया सुल्तानपुर इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस कार्यषैली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। यहां तीन सप्ताह के भीतर लगभग आधा दर्जन घरों पर चोरों ने किया हाथ साफ। पुलिस हर चोरी व लूट की घटना पर सदेंह जताती है। फिर उसी का सफल अनावरण करके वाहवाही भी लूटती है। थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके में चोरियों पर थानाध्यक्ष बदलने के बावजूद भी अंकुश नहीं लग पा रहा है। बीती रात इमलिया सुल्तानपुर में आलोक पुत्र राम विलास के घर में दीवार फांद कर घुसे चोरों ने घर में रखी नकदी व जेवरात समेत करीब पच्चीस हजार का माल पार कर दिया। गृहस्वामी की गूंगी मां ने सुबह जब सामान बिखरा हुआ देखा तो बेटे को जगाया और इशारा करते हुये चोरी होने की जानकारी दी। चोरों ने पास के घर में बक्से तोड़कर डाल दिया। चोरी की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की।

## अपने दोस्तों के साथ नहाने गये बालक की गडढे में भरे पानी में डूबकर मौत

**सीतापुर**। जिले के इमलिया सुल्तानपरु इलाके में अवैध खनन के बाद बने गढ्ढे में भरे बारिश के पानी में नहाने गये बच्चे की डूबकर मौत। गांव इमलिया सुल्तानपुर में गुरूवार दोपहर गांव में बने खेल मैदान के पूरब अवैध खनन के बाद बने गहरे गढ्ढे में भरे बारिश के पानी में नहाने गये बच्चे की डूबकर मौत। इमलिया सुल्तानपुर निवासी कैलाश मौर्या का १० वर्षीय पुत्र इन्द्रजीत मौर्या अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। काफी देर नहाने के बाद सारे साथी बाहर निकल आये। मगर इंद्रजीत जब पानी के बाहर नहीं निकला तो साथियों ने घर आकर जानकारी दी। जिस पर वहां भीड़ जमा हो गयी। बच्चे की तलाश के लिये लोग पानी के गढ्ढे में उतरे। काफी देर के बाद बच्चा मिला। जिसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया लाया गया। जहां मौजूद चिकित्साधिकारी डॉ सुधीर पांडेय ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मौके राजस्व कर्मी भी पहुंच गये थे।

## दुकान के सामने से ठेला हटाने को लेकर सभासद के भाई पर चाकू से हमला



**सीतापुर**। नगर कोतवाली में हरदोई चुंगी इलाके में गुरुवार को एक मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया जब दुकान के सामने से ठेला हटाने को लेकर हुए झगड़े में ठेले वाले ने लोनियापुरवा पूर्वी के सभासद विनोद गिहार के दुकानदार भाई पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में सभासद का भाई घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर कोतवाली क्षेत्र के हरदोई चुंगी क्षेत्र में सभासद के भाई सुरेंद्र कुमार ने ठेले वाले से अपनी दुकान के सामने से ठेला हटाने को कहा। इस बात पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई जो देखते ही देखते झगड़े में तब्दील हो गई। गुस्से में आकर ठेले वाले ने अचानक चाकू निकालकर दुकानदार पर हमला कर दिया। विवाद बढ़ता देख दुकानदार का भाई और अन्य लोग बीच-बचाव करने पहुंचा तो हमलावर ने उस पर भी चाकू से वार कर दिया जिससे वह बाल बाल बच गए। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने हमलावर को पकड़ने के लिए इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कालाबाजारी एवं ओवररेटिंग की रोकथाम के लिए उर्वरक दुकानों में छापेमारी जारी



**सफीपुर, उन्नाव**। जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक दुकानों का सुचारू उपलब्धता, कालाबाजारी एवं ओवर रेटिंग टैगिंग को रोके जाने हेतु लगातार उर्वरकों की दुकान पर छापेमारी की। गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी शशांक चैधरी ने जनपद के दुकानदारों को 02 कारण बताओं नोटिस, 03 दुकानों को लाइसेंस निलंबित किया एवं संदिग्धता के आधार पर नमूना लिया। शिव खाद भंडार, बरूआघाट, आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र, कुर्सट, खुशहाली कृषि सेवा केंद्र जसरा, माथर का लाइसेंस अनियमितता पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त दुकानदारों को निर्देशित किया गया है की उर्वरको की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग व टैकिंग किसी भी दशा में ना की जाए तथा अपनी दुकान पर स्टॉक रजिस्टर वितरण रजिस्टर कैश मेमो आदि रखें और संस्तुत मात्रा के हिसाब से ही उर्वरकों का वितरण पी0ओ0एस0 के माध्यम से कृषकों में करें। यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल से अधिक मूल्य पर बिक्री, कालाबाजारी या ओवर रेटिंग की जाती है तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत विधि कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवगत कराया गया कि जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जनपद में किसी प्रकार की कोई कमी नही है। आगे मॉग के अनुसार उपलब्धता कराई जायेगी। साथ ही उर्वरक सम्बन्धी किसी प्रकार के शिकायत हेतु कन्ट्रोल रूम नम्बर 7839882173 पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से सायः 5 बजे तक कर दर्ज करा सकतें है।

## डीएम सीडीओ और चेयरमैन ने किया सेल्फी प्वांइट का उद्घाटन



**सीतापुर**। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत आज ऑख अस्पताल के निकट व बहुगुणा चैराहे पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी द्वारा फीता काटकर सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सेल्फी प्वाइंट केवल एक सजावटी स्थल न होकर बेटियों के सम्मान एवं उनके अधिकारों की भी पहचान है। इसके माध्यम से आम जनता, विशेषकर युवा वर्ग की बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया जायेगा। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि सेल्फी प्वाइंट पर लाइटिंग व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे, यह सुनिश्चित किया जाये एवं सेल्फी प्वाइंट के आस-पास साफ-सफाई निरन्तर की जाये। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुफ्ती साहब के बयान तकरीरों से आज तम्बौर ही नहीं विदेशों तक होती रहीः मौलाना हासिम



जिला संवाददाता

**तम्बौर/सीतापुर**। कस्बे के मदरसा जियाउल उलूम में मुफ्ती शकील अहमद कासमी की याद में एक जलसा किया गया। इस जलसे में कई उलेमाओं ने शिरकत किया। मंगलवार को तम्बौर कस्बे के मदरसा जियाउल उलूम में सीतापुर के मशहूर उलेमाओं में शुमार हासिल किए मुफ्ती शकील अहमद कासमी की याद में एक जलसा किया गया। जलसे में बिसवां, जहांगीराबाद समेत कई उलेमाओं ने शिरकत किया। बिसवां से मौलाना हासिम इकबाल ने कहा तम्बौर कस्बा मुफ्ती शकील अहमद कासमी आज हमारे बीच मे नही है लेकिन उनका तालुक अगर देखा जाए कई अजीम शख्शियत से कम नही थी। मुफ्ती साहब का ससुराल मेरे ही पड़ोस में थी लेकिन मेरे वालिद मोहतरम से ज्यादा तालुक होने से मेरे घर आया करते थे तब से मेरा तालुक जुड़ा था। मुफ्ती साहब के बयान तकरीरों से आज तम्बौर ही नही विदेशों तक होती रही है। मुफ्ती साहब ने जो दीनी तालीम हासिल करके जो नाम कमाया था शायद ही कोई ऐसे उलेमाओं होंगे जो उनकी बराबरी तक नही पहुच सकते हैं। दीन एक दरख्त है यह दरख्त कयामत तक रहेगा अल्लाह जिसको चाहता है उसको ही उसी को दीन की सही समझ देता है। जहांगीराबाद से इस्लामुल हक ने कहा मुफ्ती शकील अहमद कासमी बरक्ताहु के कई ऐसे वाकियात सामने आए हैं जिसको हम बयां नही कर सकते हैं। एक बार का वाक्य है सऊदी अरब में नबी पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दौर का मसला सऊदी अरब में था उसका हल नही निकल रहा था तब मुफ्ती शकील अहमद कासमी साहब ने को बुलाया गया था तब उमरे के लिए गए थे जेद्दाह एयरपोर्ट पर मुफ्ती साहब ने अरबी में तकरीर की थी। एक बार हजरत मौलाना सज्जाद नोमानी से गहरा ताल्लुक था। मुफ्ती शकील अहमद कासमी के देवबन्द दारुल उलूम तालीम हासिल की थी। मुफ्ती साहब आज दुनिया में नही है इसकी हम सबको तकलीफ है। मुफ्ती खबीर नदवी ने मुफ्ती शकील अहमद कासमी पर एक किताब भी लिखी है जिसमे उनकी जिन्दगी के बारे में लिखा गया है। मुफ्ती शकील अहमद कासमी को किताबो के बारे में बड़ी जानकारी थी और किताबे लिखते भी थी। मौलाना शाहिद कासमी ने बताया कि मुफ्ती शकील अहमद कासमी ने मदरसा जियाउल उलूम को दीनी तालीम देने के लिए काफी मेहनत की थी। मुफ्ती साहब ने जीवन में बदले का भावना से काम नही किया। इस जलसे की ा इदरीश ने किया। संचालन कारी कामिल ने किया। बेग ने किया। इस जलसे में कई किया गया। इस मौके पर दवी, मुन्ना मुजम्मिल खान, अबुलखैर , इरफान खान, हबीब सुल्तान, समेत कई मुअजिज लोग मौजूद रहे।

## सहकारिता के माध्यम से चल रही योजनाओं का ग्राम वासियों को मिल रहा लाभः पंकज गुप्ता



जिला संवाददाता

**उन्नाव**। विकासखंड परिसर में स्थित बी-पैक्स सिकन्दरपुर सरोसी एवं सरोसी पतारी के 100 एमटी नये गोदाम के नए भवन निर्माण के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के पूर्व सभापति द्वारा विधायक पंकज गुप्ता को एवं जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ सिंह को अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया। सदर विधायक पंकज गुप्त ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से चल रही योजनायें एवं सहकारिता से जुड़कर प्रत्येक ग्रामवासी को लाभ मिल रहा है।

इसके अतिरिक्त समस्त ग्रामवासी सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक दिन भारत विश्वगुरु बनेगा। बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि सहकारिता से किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा था आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के नेतृत्व में किसानों की सहकारिता के प्रति अभिरुचि बढ़ी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बी-पैक्स सिकन्दरपुर सरोसी की अध्यक्ष सुनीता त्रिवेदी व सचिव अनित कुमार एवं बी-पैक्स सरोसी पतारी के अध्यक्ष जगवीर सिंह व सचिव आशुतोष कुमार एवं जिला पंचायत सदस्य संतोष त्रिवेदी, गिरीश चन्द्र अवस्थी एवं सिद्धार्थ सिंह, प्रधान प्रतिनिधि निजामुद्दीन, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रवीन्द्र कुमार सिंह, अपर जिला सहकारी अधिकारी/तहसील प्रभारी मनोरमा पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता चन्द्र शेखर शर्मा, अनुभाग अधिकारी प्रशासन, जिला सहकारी बैंक लि0 उपेन्द्र सिंह एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मूसलाधार बारिश से उफनाये नदी-नाले

जिला संवाददाता



- सदर विधायक रामरतन पहुंचे गोविन्द सागर बांध, अधिकारियों को दिये संभावित बाढ़ से बचाव के निर्देश
- बांधों के गेट खुले, लगातार की जा रही पानी की निकासी

**ललितपुर।** प्रदेश में सर्वाधिक बारिस की मार झेल रहा जनपद ललितपुर में इन दिनों स्थितियां विकराल बनी हुई हैं। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव एवं रिपटे, पुलों के डूबने के कारण अनेकों दफा जनसंपर्क टूट रहा है। वहीं सर्वाधिक बांध जनपद में बने हुये हैं, जिस कारण आये दिन बांधों में जलस्तर बढ़ने पर बांधों के गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है, जिस कारण नदियों के किनारें बसे नगरीय क्षेत्रों सहित गांवों में पानी घरों तक में घुस रहा है, तो वहीं पुल पुलियां पानी में डूब चुकी हैं, जिससे धनहानि हो रही है। बुधवार की रात्रि से लेकर गुरूवार की सुबह से शुरू हुयी मूसलाधार बारिश के कारण जिले में फिर जगह-जगह जल भराव की समस्या विकराल हो चली है। जिला प्रशासन की ओर से नगर पालिका परिषद के जरिए लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन वह भी नाकाफी साबित हो रहा है। हालात यह हैं कि विगत तीन-चार दिनों से तेज धूप निकल रही थी, जिसके चलते जल भराव वाले स्थानों पर कार्य कराकर समस्या का निस्तारण कराया जा सकता था, लेकिन शिथिल कार्यप्रणाली के चलते ऐसा हो न सका और अब आलम यह है कि उक्त स्थानों पर फिर से भारी जल भराव की समस्या देखने को मिल रही है।

बुधवार की रात्रि में गोविन्द सागर बांध के गेट खुलने के कारण नगर का मुख्य सम्पर्क मार्ग शहजाद नदी के पुल के ऊपर से पानी निकलने लगा, जिससे यातायात घण्टों के लिए थम गया। गोविंद सागर बांध के गेट खुलने से शहजाद नदी एवं शहजाद बांध का जलस्तर बढ गया जिस कारण शहजाद नदी के गेट भी खुल गये। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों पर वाहनों के बहने सहित कच्चे मकानों के गिरने, पेड़ों के गिरने समेत बिजली लाइनों के टूटने के समाचार मिले हैं।

बुधवार की रात्रि से लेकर गुरूवार को सुबह से ही शुरू हुयी मूसलाधार बारिश के चलते राजघाट बांध के भराव क्षेत्र में लगातार पानी की आवक हुयी है, निर्धारित क्षमता बनाए रखने के लिए गेट खोलकर कर 35 हजार क्यूसेक जल निकासी की जा रही है। जिसे अपराह्म में बढ़ाकर लगभग 75 हजार क्यूसेक पानी किया गया। इसके अलावा गोविंद सागर बांध से 16 गेटों को 6-6 फीट खोलकर 10450 क्यूसेक छोड़ा गया। वहीं गोविन्द सागर बांध के गेट बुधवार की रात्रि में खोल दिये गये। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा अपने विधानसभा क्षेत्र में संभावित बाढ़ की स्थिति पर नजर रखे हुये हैं। सदर विधायक ने गुरूवार को गोविन्द सागर बांध पर पहुंचकर कन्ट्रोल रूम में अधिकारियों से मुलाकात की और पानी के बढ़ते लेवल को देखते हुये रजिस्टर का अवलोकन किया; उन्होंने सिंचाई विभाग के इंजीनियरों से जानकारियां लीं और संभावित बाढ से बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

## फैमिली आईडी बनवाकर योजनाओं का उठा सकते हैं लाभः दिनेश

**ललितपुर।** नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में ईओ ने फैमिली आईडी-एक परिवार एक उन्नति के बारे में सभी को जानकारी दी। कहा कि समस्त कर्मचारी अपनी-अपनी फैमिली आईडी बनवा ले तथा पालिका में आने वाले नगरवासियों को भी फैमिली आईडी बनाये जाने हेतु जागरूक करें। उन्होंने कहा कि एक परिवार, एक पहचान के तहत यूपी सरकार द्वारा फैमिली आईडी जारी की जा रही है. उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड के जरिए परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है लेकिन, अब उत्तर प्रदेश में आप फैमिली आईडी बनवाकर भी केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ ले सकते हैं. फैमिली आईडी के तहत यूपी में रहने वाले परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है. इस योजना के तहत हर एक परिवार को फैमिली आईडी के तहत एक विशिष्ट नंबर जारी किया जा रहा है इस वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं फैमिली आईडी। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा, यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होगा।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान के संयोजक बने उत्तम




**बांदा।** भाजपा ने 26 जुलाई को ह्यकारगिल विजय दिवसह्न मनाने की कार्ययोजना बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना को मतदाता पुनरीक्षण अभियान का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। इनके मनोनयन पर भाजपा जिला कार्यालय व नगर कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। बैठक में कारगिल विजय दिवस को संगोष्ठी, शहीद परिवारों का सम्मान, शहीद स्मारकों की सफाई कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार हुआ। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता उत्तम सक्सेना पिछले कई वर्षों से विभिन्न दायित्यों में रहते हुए लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय व नगर पंचायत चुनाव में प्रबंधन की जिम्मेदारी कत्त्रव्यनिष्ठा के साथ निभा रहे हैं। इसे देखते हुए उन्हें आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पार्टी 26 जुलाई को क्षेत्र के सभी 17 जिलों में कारगिल विजय दिवस मना रही है इसी परिपेक्ष्य में जिले में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बजरंग इंटर कालेज में संगोष्ठी में युवाओं को देश भक्ति, राष्ट्र सेवा एवं भारतीय सेना के शौर्य की प्रेरणा दी जाएगी साथ ही सैनिकों का सम्मान किया जायेगा। भूरागढ़ किला परिसर स्थित शहीद स्मारक में सफाई कर वीरों के नाम पर पौधरोपण होगा। बैठक में क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय मंत्री पिछड़ा मोर्चा राजेश सेन, जिला कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता संतू, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा संतोष नायक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, इंद्रजीत राजपूत, अनिल प्रजापति मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्या में पति सहित तीन को उम्र कैद

**बांदा।** पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले पति व दो अन्य साथियों को दोषी पाते हुए अदालत ने आजीवन कारावास और सास को दो वर्ष का कारावास व 56 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। थाना अतर्रा क्षेत्र निवासिनी मतिया पत्नी स्वर्गीय रामभवन ने 10 दिसंबर 2020 को थाना बदौसा में तहरीर दी। कहा कि पुत्री सुनीता की शादी थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम बंगालीपुरवा निवासी भैरवदीन पुत्र स्वर्गीय भवनिया से की थी। पुत्री को ससुरालीजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर 10 दिसंबर को मारकर फेंक दिया है। थाना बदौसा में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तत्कालीन क्षेत्राधिकारी अतर्रा सत्यप्रकाश शर्मा ने विवेचना की। जांच के दौरान मृतका के पति भैरवदीन ने बताया कि पत्नी से बहुत तंग आ गया था उसने मेरे ऊपर भरण-पोषण का मुकदमा दायर कर दिया था तथा वह मेरे साथ नही रहती थी साथ ही मेरी पुत्री को भी मुझसे अलग कर मायके में रह रही थी। आजिज आकर मैने दो अन्य साथियों के साथ 11 दिसंबर 2020 की रात को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अदालत में चली सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक महेन्द्र द्विवेदी व विमल सिंह ने जोरदार पैरवी की। न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपियों भैरवदीन पुत्र भवनिया, रमेश पुत्र रामकिशुन निवासी बदौसा व लाला कुशवाहा पुत्र रामऔतार निवासी बछनीपुरवा थाना अतर्रा और रानी पत्नी स्वर्गीय भवनिया निवासी बंगालीपुरवा थाना बदौसा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर सास को दो वर्ष की कैद व जुमार्ने से दंडित किया।

## जल संरक्षण, पौधरोपण को लेकर संगोष्ठी



**बांदा।** जीवन सुधा फाउंडेशन ने शहर के भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर लेज में जल संरक्षण व वृक्षारोपण पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संस्था के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने बच्चों को दैनिक कार्यों में पर्यावरण को संरक्षित करने के विभिन्न उपाय बताए। संस्था के संस्थापक एवं मुख्य मार्गदर्शक श्रीराम सिंह लोध ने बताया कि जल जीवन के लिए पृथ्वी का अमूल्य वरदान है इसलिए वर्तमान वर्षा के मौसम में जल को सहेजने के सरकार के सबसे महत्वपूर्ण अभियान ह्यकैच द रेनह्न के तहत वर्षा जल को ह्यरेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टमह्न खेतों की मेड बंदी व खेतों की गहरी जुताई से भूगर्भ जल को अधिक से अधिक रिचार्ज करना अति आवश्यक है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए बच्चों से दैनिक उपयोग में जल का सदुपयोग व अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। संस्था के सदस्य राजेंद्र यादव ने पर्यावरण को संरक्षित करने के उपायों के साथ ही जीवन में सफलता के गुर बताए। कृषि विशेषज्ञ हनुमान दास राजपूत ने वर्षा जल से खेतों को होने वाले लाभ व वर्ष भर खेती करने के लिए उसे सहेजने के कई उपायों पर चर्चा की। इस दौरान विद्यालय परिसर में औषधि गुणों से युक्त ह्यहरसिंगारह्न व मौलश्री नामक पौधों का रोपण, प्रधानाचार्य, शिक्षक स्टाफ व संस्था की टीम ने संयुक्त रूप से किया।

### संक्षेप

## अवैध संबंधों के शक में चाकू से पत्नी की हत्या

**बांदा।** पत्नी के अवैध संबंधों से आजिज पति ने सोते समय चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह अपने बच्चे लेकर फरार हो गया। पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहा कला गांव में बजरंगी प्रजापति 38, पत्नी शोभा 35, पुत्र मयंक, पुत्री दीक्षा व अंशू के साथ रहता था। बीती रात पति-पत्नी के बीच में विवाद हुआ। इसके बाद जब पत्नी घर में सो रही थी तभी पति ने सवेरे लगभग 7 बजे घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सैकड़ों की तादाद में लोग मौके पर एकत्र हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस जांच में पता चला कि बजरंगी पत्नी के चरित्र पर शक करता था और वह उसकी हरकतों से बेहद परेशान था। शोभा कई महीनों तक बिना बताए घर से गायब रहती थी उसने घर का सामान जेवर और मवेशी भी बेंच दिए थे और दूसरी शादी भी कर चुकी थी। पैलानी थाना प्रभारी सुखराम सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें लगाई गयी हैं।

## खेत में गाय घुस जाने पर पूरे परिवार से मारपीट

**ललितपुर।** गाय को चारा खिलाने खेत ले गये युवक व गाय पर लाठी से हमला करने वाले युवक पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रकरण को लेकर महरौनी के ग्राम सिंदवाहा निवासी विकास जोशी पुत्र सुकपाल जोशी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 15 जुलाई को वह अपनी गाय को लेकर खेत में चारा खिलाने गया हुआ था, जहां उसकी गाय निसार पुत्र शौकत अली के खेत में चली गयी।

तभी मौके पर मौजूद निसार ने उसकी गाय को डण्डा दे मारा। विरोध करने पर निसार ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गया। बताया कि 22 जुलाई को फिर से शाम करीब बजे निसार ने अपने परिवार में निसार पुत्र शौकत अली, नौसाद पुत्र निसार अली, समीर पुत्र सुबराती, नासिर अली पुत्र निसार के साथ एकराय होकर घर आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी।

आवाज सुनकर जब उसका भाई आनन्द बाहर निकला तो उसके साथ मारपीट कर दी। बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विभागीय बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग कार्यालय में एक महत्वपूर्ण विभाग टोली की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में प्रवासी प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय का विशेष रूप से आगमन हुआ, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक विचारों से सभी कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक की अध्यक्षता विभाग प्रमुख दीपक पाठक ने की, जबकि संचालन विभाग संगठन मंत्री हरिओम जायसबाल द्वारा किया गया। विभाग संयोजक अभिषेक पटैरिया, नगर संपर्क प्रमुख विकास झा एवं नगर मंत्री गोपाल शर्मा की उपस्थिति ने बैठक को और भी सशक्त बनाया। इस दौरान विकास झा ने प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय का स्वागत नीलकंठ पाली की प्रतिकृति शिवजी की सुंदर प्रतिमा भेंट कर किया। यह स्वागत भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन के मूल्यों एवं परंपराओं की झलक स्पष्ट दिखाई दी। मनीष राय ने कहा कि छात्र शक्ति ही राष्ट्र की रीढ़ होती है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान केवल संख्या नहीं, विचार और चरित्र के निर्माण का अभियान है। हमें प्रत्येक छात्र तक अभाविप के विचारों को पहुँचाना है और यह कार्य संपर्क, समर्पण और संगठन के तीन मूलमंत्रों के साथ करना है।

उन्होंने यह भी कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने-अपने विद्यालय, महाविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर संगठन के उद्देश्यों को सरल भाषा में छात्रों तक पहुंचाना चाहिए। डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग करते हुए नए युवाओं को परिषद से जोड ? पर बल दिया गया।

# बच्चों के विवाद में अधेड़ की मौत तीन आरोपियों पर केस दर्ज



**अफजलगढ़, बिजनौर।** बच्चों के मामूली विवाद के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना में मृतक के दोनों पुत्र भी घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मृतक के पुत्र की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है। अफजलगढ थाना क्षेत्र के मोहल्ला नायक सराय निवासी मोहम्मद फैज पुत्र रफीक ने थाने में दर्ज कराए अपने मुकदमें में कहा कि उसके पिता रफीक कुरैशी घर के नजदीक मौहल्ले में ही एक परचून की दुकान चलाने का काम किया करते थे। बुधवार को मौहल्ले के ही साहिल पुत्र मुस्तफा से कहासुनी हो गई थी।

शोर शराबे के आवाज सुनकर तभी साहिल के पिता मुस्तफा भी मौके पर आ गए और पीड़ित के भाई मोहम्मद कैफ के साथ मारपीट करने लगे, तभी पीड़ित के पिता रफीक अहमद कुरैशी भी आ गये और समझाने लगे। इसी दौरान मुस्तफा और उसके बेटे साहिल, पत्नी फरजाना ने मेरे पिता रफीक कुरैशी के साथ धक्का मुक्की व डंडों से मारपीट की। इसी दौरान पीड़ित के पिता रफीक अहमद कुरैशी घबराने लगे दोराने उपचार उनकी मौत हो गयी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक अधेड़ रफीक अहमद कुरैशी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर में भेजने के बाद मृतक के पुत्र मोहम्मद फैज की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी। घटना के संबन्ध में थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि मृतक रफीक अहमद के पुत्र मोहम्मद फैज की तहरीर पर मौहल्ले के ही आरोपी मुस्तफा उसके बेटे साहिल तथा उसके पत्नी फरजाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नही जायेगा।

# गुलदार ने घर के बाहर खेल रही बच्ची को बनाया निवाला, परिजनों में मचा कोहराम



**बिजनौर।** घर के बाहर खेलने गई किशोरी को गुलदार उठाकर ले गया। सूचना पर वन विभाग की टीम व ग्रामीणों ने बच्ची की तलाश की। रातभर तलाश करने के बाद गुरुवार की सुबह बच्ची के शरीर के टुकडे जंगल के कई हिस्सों में बिखरे मिले। बच्ची के शरीर के अंगों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार नहटौर थाना क्षेत्र के गांव मंडोरी निवासी रवि कुमार की पुत्री कनिका ( 10 वर्ष ) बुधवार की शाम 5 बजे घर के बाहर खेलने गई थी दिन छिपने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश की। बच्ची के लापता होने की सूचना पर अनेक ग्रामीण व पुलिस भी मौके पर पहुंच गए और बच्ची की तलाश की। काफी तलाश के बाद पास के जंगल में खून दिखाई देने पर बच्ची को दिलदार के उठा ले जाने की बात सामने आई। बच्ची को गुलदार के उठा ले जाने की सूचना पर तुरंत वन विभाग के अधिकारी भी मौका पर पहुंच गए और बच्ची की तलाश की। वन विभाग अधिकारियों व पुलिस ने ड्रोन आदि से कॉम्बिंग करते हुए बच्चों की तलाश की। लेकिन सारी रात बच्ची का कहीं पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह लगभग 8 बजे जंगल में अलग-अलग स्थान पर बच्ची के शरीर के कई अंग मिले। बच्ची के शरीर के अलग-अलग अंग मिलने मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में दहशत व्याप्त हो गई। बच्ची की मौत के बाद हरकत में आये वन विभाग की टीम रेंजर हरदेव सिंह के नेतृत्व में पिंजरा लेकर मौके मौके पर पहुंचे और घटना स्थल पर पिंजरा लगाया। ग्रामीणों का आरोप है कि वे वन विभाग से लंबे समय से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़ने की मांग कर रहे थे। थे। लेकिन वन विभाग ने उनकी मांग को गंभीरता से नहीं लिया। यदि वन विभाग उनकी मांग को गंभीरता से लेता तो शायद घटना टल सकती थी।

## `शातिर बकरी चोर गिरफ्तार, 3 घायल

बांदा। थाना मटौंध व एसओजी की संयुक्त टीम ने अंतर्जनपदीय बकरी चोरी के 7 आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान दोनो ओर से फायरिंग में तीन आरोपियों के पैर में गोली लगी है। पकड़े गये आरोपियों के पास से तीन अवैध तमंचा व कारतूस, हुंडई कार और 26 बकरियां बरामद की गयी हैं। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में बीती रात पुलिस की संयुक्त टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निकली थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ शातिर बकरी चोर मटौंध क्षेत्र के आलमखोर के पास चोरी की बकरियों के साथ रूके हुए हैं। पुलिस ने घेराबंदी का पकड़ने का प्रयास किया तो चोरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में इशरार उर्फ इकरार उर्फ लल्ले खां, मलस खां व वहीद उर्फ लाला के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गये। इन्हे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि रात को अछरौंड़ गांव से 13 बकरी चोरी की थीं। इसके अलावा 13 बकरी हमीरपुर जिले से चोरी की गई थीं। गिरफ्तार अन्य आरोपियों में तौहीद खां पुत्र सुलेमान, शिकारस खां पुत्र इकारस खां, अन्ताश खां पुत्र फजल खां व आकम खां उर्फ छोटू पुत्र फजल खां सभी काशीराम कालोनी कोतवाली व जिला महोबा के रहने वाले हैं। आरोपियों के विरूद्ध अनेक थानों में दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मटौंध संदीप कुमार व एसओजी प्रभारी कृष्णदेव त्रिपाठी रहे।

# स्मार्ट मीटर के जरिए कई गुना वसूली से परेशान उपभोक्ता



- बिना बिजली उपयोग किये भी कई गुना भाग रहे स्मार्ट मीटर
- व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन

**ललितपुर।** प्रदेश में पावर कारपोरेशन द्वारा प्रदेश में भविष्य में 40-45 प्रतिशत बढाई जा रही दरों को न बढाये जाने एवं फिक्स चार्ज को समाप्त किये जाने और प्रदेश में स्मार्ट मीटरों के माध्यम से की जा रही कई गुना वसूली बंद कराये जाने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश चेयरमेन महेन्द्र जैन मयूर के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा है। बताया कि उ.प्र.पावर कारपोरेशन द्वारा आपके समक्ष बिजली की दरों एवं फिक्स चार्ज को बढाने का प्रस्ताव दिया गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने की दशा में मध्यम वर्गीय एवं निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के हितों पर बुरा प्रभाव पढेगा तथा गरीब रेखा के नीचे आने वाले उपभोक्ता को 3 रूपया प्रति यूनिट निर्धारित है जो प्रस्तावित टेरिफ से वह 4 रूपया प्रति यूनिट हो जायेगी। प्रस्तावित की गयी दरों 1 किलोवाट पर आधारित 100 यूनिट 8.40 रूपया वर्तमान में 6.60 रूपया 2 किलोवाट पर प्रस्तावित 9.15 रूपया वर्तमान 6.73 रूपया, 5 किलोवाट 200 यूनिट पर 12 रूपया तथा वर्तमान 8.38 रूपया टेरिफ निर्धारित है। जिसके मुताबिक 40 से 45 प्रतिशत यथास्थिति मे दरे बढ जायेगी जो कि आम आदमी की पहुँच से बाहर होगी, शहरी फिक्स चार्ज 110 से बढकर 190 रूपया प्रति किलोवाट और ग्रामीण क्षेत्र में 90 रूपया से 150 रू0 प्रति किलोवाट प्रस्तावित दरों के हिसाब से हो जायेगी। फिक्स चार्ज के माध्यम से उपभोक्ता के साथ अन्याय किया जा रहा है क्योंकि उपभोक्ता निर्धारित अपने द्वारा उपभोग की गयी विद्युत मूल्य को पूर्णता अदा कर रहा है तो फिक्स चार्ज क्यों लिया जा रहा है, इसे बन्द किया जाना चाहिए। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दो कम्पनियों को स्मार्ट मीटर लगाये जाने के लिए अनुबंधित किया है जिसमें दक्षिणांचल में जीनस कम्पनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है जो बिजली उपयोग से 4.5 गुना अधिक रीडिंग दे रहे है जिसे चेक मीटरों ने भी गलत ठहराया है। उपरोक्त स्मार्ट मीटर लगाने वाली दोनो कम्पनियों पूर्व से गोवा में ब्लेक लिस्टेटड की गयी थी, लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं को मुक्ति दिलायी जायें और कम्पनियों के अनुबंध समाप्त किये जाये। उपरोक्त दरों के बढने से प्रदेश के उद्योग जो केन्द्र व प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण सहयोग से विकसित नयी इकाइयां लगायी जा रही है नये नये उद्योग लगाये जा रहे है निवेश मित्र समिट आदि योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है बिजली की बढी दरों के कारण- उद्यमी और उद्योग अन्य प्रदेशों को पलायन करने विवश होगे। ज्ञापन देते समय प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, महेश जैन, पंकज बिरधा, मुन्नालाल, अशोक अनौरा, आलोक मयूर, अनिल अंचल, मुकेश जैन, संजीव जैन, युवा नगर अध्यक्ष मनोज सोनी, वरिष्ठ चिकित्सक डा.राजकुमार जैन, प्रदीप चैधरी, आईटी जिलाध्यक्ष अंकित सतभैया, शुभम जैन, संजय खन्ना, गौरव गुप्ता, प्रमोद जैन, नितेश राठौर, रोहित शिवाजी, आकर्ष, अनुज जैन, राहुल बार, शनि जैन, मणि जैन, आलोक जैन, रिक्की जैन, मनीष जैन, पवन, सचिन साहू, पुष्पेंद्र जैन, सुनील, रमाशंकर शर्मा, वासु कन्हैया, उपेंद्र, मनीष सिंघई आदि सहित चेक सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## फोर्टिफाइड चावल की कालाबाजारी का फिर भण्डाफोड़, केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में पिसनारी नहर के पास पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन में लदे सरकारी योजना के फोटीफाईड चावल को बरामद किया गया है। इस मामले में वाहन चालक और मालिक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

विगत 20 जुलाई 2025 को अपराह्न लगभग 3.40 बजे कोतवाली पुलिस द्वारा पिकअप संख्या यूपी 94 टी 7232 को रोका गया, जिसे श्रीचन्द्र कुशवाहा चला रहा था। जांच में सामने आया कि उक्त वाहन में 53 बोरी चावल, 4 बोरी जी ( चना ), और 4 बोरी भूसा लदा हुआ था, लेकिन कोई वैध दस्तावेज या अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन द्वारा की गई जांच में यह चावल सरकारी योजनाओं में राशन, आईसीडीएस, और एमडीएम ( मिड-डे मील ) में वितरित होने वाला फोटीफाईड चावल पाया गया। उल्लेखनीय है कि ललितपुर में चावल की पैदावार नगण्य है, जिससे स्पष्ट होता है कि इस चावल की आपूर्ति गैरकानूनी माध्यम से की जा रही थी। गाड़ी मालिक सोन सिंह एवं चालक श्रीचन्द्र कुशवाहा के विरुद्ध जिलाधिकारी के आदेशानुसार प्राथमिकी संख्या 0829/2025 दर्ज कर ली गई है। यह कृत्य उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु ( विक्रय एवं वितरण नियंत्रण का विनियमन ) आदेश 2016 का उल्लंघन है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय है। बरामद चावल को स्थानीय उचित दर विक्रेता राकेश साहू के सुपुर्द करते हुए सुरक्षित रखा गया है, जो उच्चाधिकारी या न्यायालय के आदेश पर प्रस्तुत किया जाएगा।

वहीं वाहन को कोतवाली परिसर में खड़ा कर अग्रिम कार्यवाही हेतु रखा गया है। जांच रिपोर्ट, बरामदगी फर्द, गवाहों के बयान एवं एफसीआई की प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि यह चावल सरकारी योजना से संबंधित था और अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था।

प्रशासन की सतर्कता से एक बड़ी कालाबाजारी का पदार्फाश हुआ है, जिससे गरीबों के हक का राशन अवैध धंधेबाजों के हाथों में जाने से रोका जा सका है।

## एसपी कार्यालय पहुंचकर दर्जनों महिलाओं व पुरुषो ने की निर्दोषों को फंसाने की शिकायत




**बिजनौर।** कुछ दिन पूर्व खेड़की गांव में हुई मारपीट की घटना में अब नया मोड़ आ चुका है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि असल आरोपियों को छोड़कर तीन निर्दोष ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। पीड़ित पक्ष की कई महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायती पत्र दिया है।

पुलिस अधीक्षक को बीते दिन दिये गए शिकायती पत्र में पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि मारपीट की जिस घटना में उनके परिजनों का कोई लेना-देना नहीं था, उसमें उन्हें पूर्व की रंजिश के चलते जानबूझकर फँसा दिया गया है। उन्होंने पुलिस पर सांठ-गाठ का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराकर निर्दोषों को बचाने की गुहार लगाई। परिजनों ने आरोप लगाया कि गांव में चुनावी रंजिश और निजी दुश्मनी के कारण उन्हें टारगेट किया जा रहा है। उनका कहना है कि विपक्षी पक्ष प्रभावशाली है और अपनी पहुँच के दम पर झूठा मुकदमा दर्ज करवा कर निर्दोषों को मानसिक और कानूनी रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पीड़ित महिलाओं की एक ही मांग थी कि पुलिस निष्पक्ष जांच करे और घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज व गवाहों की गवाही को ध्यान में रखते हुए असली दोषियों को सजा दिलाई जाए। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी। यदि आरोप बेबुनियाद पाए गए तो निर्दोषों के खिलाफ की गई कार्रवाई समाप्त की जायेगी।

## संचारी रोग नियंत्रण के लिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों को गंभीरता से लेंः डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण संबंधी बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बैठक की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों को अपने दायित्वों की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाएं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बीती 01 जुलाई, 2025 से जारी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतिम चरण में है, सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी सामंजस्य के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित करें ताकि जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# मतदाता सूची पर घमासान

बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा होने में दो महीने से कुछ अधिक समय बचा है। लेकिन जिस तरह बिहार से लेकर दिल्ली तक, मीडिया से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक बिहार की सियासत के प्रमुख खिलाड़ियों के बीच गहमागहमी चल रही है, उससे स्पष्ट है कि बिहार चुनाव में इस बार सत्ता के सभी दावेदारों के बीच तगड़ी सियासी जंग होगी। लेकिन इस चुनाव की घोषणा से ठीक दो-तीन महीने पहले मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण का जो अभियान शुरू किया गया है वह अपने आप में पहेली बनता जा रहा है। अब तो चुनाव आयोग ने सर्वोच्च अदालत में शपथ पत्र दाखिल कर स्पष्ट कर दिया है कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड वैद्य दस्तावेज नहीं हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इन दस्तावेजों पर विचार करने का सुझाव दिया था। फिलहाल बिहार में पुनरीक्षण का करीब 96 फीसदी काम पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग ने सर्वोच्च अदालत के आग्रह को



नकार दिया है, लिहाजा अब न्यायिक पीठ का फैसला अथवा उसकी प्रतिक्रिया क्या रहती है, यह 28 जुलाई को सुनवाई के दौरान सामने आ सकता है। सर्वोच्च अदालत या तो न्यायिक आदेश देती है अथवा निर्देश देती है, जिनका अनुपालन किया जाना चाहिए। अब अदालत और आयोग दोनों ही संवैधानिक संस्थाएं हैं, उनकी परस्पर मर्यादाएं हैं, लिहाजा अहम सवाल है कि क्या आयोग बनाम अदालत की स्थिति बन सकती है? क्या शीर्ष अदालत भविष्य के मतदाता-सूची पुनरीक्षण के मद्देनजर आधार, वोटर और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज मानने को चुनाव आयोग को कह सकता है? चुनाव आयोग ने यह भी दावा किया है कि मतदाता की नागरिकता का पता लगाना भी उसका संवैधानिक अधिकार है। बेशक यह मुद्दा भी सर्वोच्च अदालत के सामने उठेगा, क्योंकि न्यायिक पीठ कहती रही है कि चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है। वह गृह मंत्रालय का संवैधानिक जनादेश है। लिहाजा मतदाता-सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में, बिहार में ही, जिन 52 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काटने की संभावना आयोग ने जताई है, क्या उनकी नागरिकता भी सवालिया हो जाएगी? यह तय करने वाला चुनाव आयोग कौन होता है? आयोग ने अभी तक जो डाटा जुटाया है उसके मद्देनजर आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति में रेखांकित किया है कि बिहार की मतदाता सूचियों में करीब 18 लाख मृतकों के नाम दर्ज हैं, 26 लाख ऐसे नाम हैं, जो किसी दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं और वहां के मतदाता हैं, 7 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम दो-दो स्थानों पर हैं। इस तरह 52 लाख से अधिक नाम मतदाता-सूची से काटे जा सकते हैं। बेशक ऐसे मतदाता 1 अगस्त से 1 सितंबर के दौरान अपील कर सकते हैं। क्या नागरिकता से जुड़े ऐसे मामले सर्वोच्च अदालत तक भी पहुंच सकते हैं? बिहार में चुनाव आयोग के पुनरीक्षण-अभियान का जबरदस्त राजनीतिक विरोध किया जा रहा है। यहां तक कि विधानसभा में मेज-कुर्सियां उछाली गईं। मार्शल (सुरक्षाकर्मी) और विपक्षी विधायक आपस में भिड़ गये, धक्कामुक्की, हाथापाई तक की नौबत आ गई। संसद परिसर में भी विपक्षी गठबंधन के सांसदों ने बैनर, पोस्टर, तख्तियां लेकर संसद भवन के मकर द्वार पर विरोध-प्रदर्शन किया। संसद के भीतर विपक्षी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के आसन तक वेल में लामबंद हुए। नारेबाजी का शोर इतना था कि सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित करनी पड़ी। दोनों सदनों की कार्यवाही दो दिन नहीं चल सकी। बहरहाल अब सर्वोच्च अदालत को इस मुद्दे पर फैसला करना है। जहां तक मतदाता सूची के पुनरीक्षण की बात है तो यह चुनाव आयोग का अधिकार है। मतदाता सूची पूरी तरह दुरुस्त हो यह जरूरी भी है लेकिन साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि एक भी योग्य व्यक्ति ऐसा नहीं होना चाहिए जो मताधिकार से वंचित रह जाये, यह सुनिश्चित करना भी चुनाव आयोग का ही दायित्व है।

# धनखड़ पर विपक्ष की मुखरता के निहितार्थ

राधा रमण



भले ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वास्थ्य कारणों से दिया गया उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया हो और गृह मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी हो लेकिन इस विषय पर भाजपा की चुप्पी और विपक्ष की मुखरता कुछ ऐसे सवालों को जन्म देती है जिसका जवाब आना बाकी है। जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेज दिया है। अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा था कि चिकित्सकों की सलाह और स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देते हुए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के तहत तत्काल प्रभाव से उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मेरे कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति से मिले सहयोग और शानदार कामकाजी संबंधों के लिए मैं ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री से मिला सहयोग व समर्थन अमूल्य था। उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा। संसद के सभी सदस्यों से मुझे जो गर्मजोशी, भरोसा और स्नेह मिला उसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा और मेरी यादों में रहेगा।

धनखड़ इस्तीफे के अगले दिन न तो संसद पहुंचे और न ही विदाई समारोह में भाग लिया, बल्कि यह कहें कि परंपरा के तहत आयोजित किये जाने वाले विदाई समारोह का आयोजन ही नहीं किया गया। 74 वर्षीय जगदीप धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था कि ईश्वर की कृपा रही तो वह 10 अगस्त 2027 को रिटायर हो जाएंगे। इससे पहले इस साल मार्च में उन्हें स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। पिछले दिनों उत्तराखंड में एक कार्यक्रम के दौरान भी उन्हें चक्कर आ गया था। लेकिन फिलहाल वह स्वस्थ और पूरी तरह सक्रिय थे। सोमवार को भी वह दिन में संसद आये थे और राज्य सभा की कार्यवाही में बतौर सभापति सम्मिलित थे। दोपहर बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई थी लेकिन संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू और राज्यसभा के नेता सदन जय प्रकाश नड्डा के गैर हाजिर रहने के कारण बैठक मंगलवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गयी थी। वह काफी देर तक दोनों नेताओं के बैठक में आने का इंतजार करते रहे। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने यह कहकर चौंका दिया कि वह शाम साढ़े सात बजे तक सभापति के साथ थे और वह पूरी तरह ठीक और खुशमिजाज लग रहे थे। फिर अचानक क्या हो गया कि रात 9 बजे उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। अगर उपराष्ट्रपति का स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो सरकार को उनका बेहतर इलाज कराना चाहिए। वजह स्वास्थ्य नहीं, कुछ और है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि जगदीप धनखड़ का इस्तीफा स्वास्थ्य कारणों से नहीं बल्कि सत्ता के शीर्ष से टकराव की वजह से हुआ है।

> देश के संसदीय इतिहास में जगदीप धनखड़ पहले सभापति और उप राष्ट्रपति रहे हैं जिनके खिलाफ विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। हालांकि तकनीकी खामियों की वजह से वह खारिज हो गया था। विपक्ष ने उन पर पक्षपात का आरोप लगाया था।

### उपराष्ट्रपति का इस्तीफा

धनखड़ का इस्तीफा उन लोगों की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है जिन्होंने उन्हें उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। विपक्ष के कई सांसदों और नेताओं ने भी धनखड़ के इस्तीफे पर सरकार से सफाई मांगी है। इस बीच, बिहार भाजपा के एक बड़ बोले नेता ने यह कहकर कयासों को जन्म दे दिया है कि अब जबकि जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में केंद्र सरकार को पहल करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उपराष्ट्रपति पद पर नियुक्त करना चाहिए। रात से लेकर मंगलवार को आधे दिन की खामोशी और सत्ता पक्ष के सन्नाटे के बाद दोपहर में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्सपर लिखा कि जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। मंगलवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना पढ़ी गयी जिसमें उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को तुरंत प्रभाव से स्वीकार किये जाने की बात कही गयी है।

देश के 72 वर्षों के संसदीय इतिहास में जगदीप धनखड़ पहले सभापति और उपराष्ट्रपति रहे हैं जिनके खिलाफ विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। हालांकि तकनीकी खामियों की वजह से वह खारिज हो गया था। तब विपक्ष ने उनपर पक्षपाती होने और सरकार के रिमोट से चलने का आरोप लगाया था। राजनीति की चाल, चरित्र भी अजीब है। आज वही विपक्ष जगदीप धनखड़ को ईमानदार, निष्पक्ष, काबिल और विपक्ष को सदन में संरक्षण देने वाला बता रहा है। राज्यसभा में निर्दलीय सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल कहते हैं कि जगदीप धनखड़ राष्ट्रवादी और देशभक्त हैं। वह चाहते थे कि विपक्ष और सरकार मिलकर दुनिया में भारत की स्थिति को बेहतर बनाएं। ये उनकी खूबी थी। राजस्थान के झुंझुनूं जिलान्तर्गत किठाना गांव में 18 मई 1951 को एक मध्यमवर्गीय जाट परिवार में जन्में जगदीप धनखड़ की विडंबना रही कि वह महज एक बार 1993 से 1998 तक बतौर कांग्रेस विधायक अपना अपना कार्यकाल पूरा कर सके। इससे पहले वह 1989 में जनता दल के टिकट पर झुंझुनूं संसदीय सीट से सांसद बने। इस दौरान प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की सरकार में वह संसदीय कार्यमंत्री बनाए गए थे। लेकिन सरकार के अल्पमत में आ जाने के कारण देश को मध्यावधि चुनाव में जाना पड़ा। उनका राजनीतिक करियर लगभग 30 वर्षों का है। 30 जुलाई 2019 को तब के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया था जिस पद पर वह 18 जुलाई 2022 तक रहे। इस दौरान राज्य की ममता बनर्जी सरकार से उनका टकराव लगातार बना रहा। 11 अगस्त 2022 को वह देश के 14 वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित किये गए।

पेशे से वकील जगदीप धनखड़ कानून के अच्छे ज्ञाता हैं। संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा जाना उन्हें पसंद नहीं था और सबसे पहले उन्होंने ही इस मसले को उठाया था। न्याय पालिका पर उंगली उठना उन्हें गंवारा नहीं था। तभी तो दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन जस्टिस यशवंत वर्मा के घर मिले अधजले नोटों पर उन्होंने पक्ष-विपक्ष दोनों से महाभियोग प्रस्ताव लाने की मांग की थी। सोमवार को विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव को उन्होंने बिना देरी किये स्वीकार कर लिया। कयास तो यह भी है कि धनखड़ की यही जल्दबाजी उनके इस्तीफे का कारण बनी क्योंकि सरकार इसका श्रेय खुद लेना चाहती थी। बहरहाल, इस्तीफे का सच क्या है, यह तो जगदीप धनखड़ ही बताएंगे लेकिन जब तक जगदीप धनखड़ खुद आगे आकर अपने इस्तीफे की असल वजह नहीं बताते हैं, तब तक मीडिया में कयास लगाये जाते रहेंगे, क्योंकि जिन परिस्थितियों में इस्तीफा हुआ है वह इतना सपाट भी नहीं है।

### सोशल मीडिया

देश के सैकड़ों जिले अब नक्सलवाद से मुक्त हो चुके हैं। पीएम नरेंद्र मोदी जी का मानसून सत्र से पूर्व वक्तव्य एक बड़ी नीतिगत उपलब्धि की ओर संकेत करता है। सुधांशु त्रिवेदी.



असम की यह कैसी सरकार है, जो गरीबों की झोपड़ियां उजाड़ कर उन्हें बेघर कर रही है। क्या ऐसे ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। असदुद्दीन अवैसी.



नागपुर में सतत गड-चिरोली के निर्माण और हरित ऊर्जा को मजबूत करने के संकल्प को संरक्षित करने, जंगलों के पोषण के लिए समर्पित एक दिन। देवेन्द्र फड़णवीस.



# पूर्वांचल के विकास का हब बनता गोरखपुर



विकास

लोकेश त्रिपाठी

पूर्वांचल की धड़कन बनता गोरखपुर आज तेजी से बदल रहा है। पुराने मंदिर और धार्मिक धरोहर के साथ अब आधुनिक सुविधाएँ भी जुड़ गई हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे ने शहर को पूरे उत्तर प्रदेश से जोड़ दिया है। वंदे भारत एक्सप्रेस गोरखपुर को लखनऊ और पटना जैसी महत्वपूर्ण नगरी से सहज रूप से जोड़ती है। एयरपोर्ट का विस्तार पूरा होने पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी संभव होंगी। स्मार्ट सिटी योजना के तहत चौड़ी सड़कों, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट और नये पार्कों का निर्माण जारी है।

मेट्रोलाइट परियोजना प्रस्तावित है, जो आने वाले वर्षों में स्थानीय यातायात की रफ्तार बढ़ाएगी और शहर को और आधुनिक दिखाएगी। औद्योगिक विकास में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानि गीडा ने पिछले पांच साल में अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। 34वें स्थापना दिवस पर 1,300 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गईं। इन परियोजनाओं में सड़क, जल आपूर्ति और प्लॉट वितरण शामिल हैं। आडानी समूह ने गीडा के एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन में 65 एकड़ में नए कारखाने का नींव पत्थर रखा है। यह कारखाना अगले तीन साल में 1,000 करोड़ रुपये के निवेश से तैयार होगा और 2,500 युवाओं को रोजगार देगा। मार्च 2025 में आईटी पार्क की आधारशिला रखे जाने का कार्यक्रम निर्धारित है। इस पार्क में सॉफ्टवेयर कंपनियाँ, स्टार्टअप और मल्टी नेशनल फर्म्स ऑफिस खोलेंगी। इससे शहर में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र को बड़ा धक्का मिलेगा और हजारों इंजीनियरों को स्थानीय स्तर पर नौकरी मिल सकेगी। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में गोरखपुर ने दूरगामी बदलाव किए हैं। शहर में सैनिक स्कूल खुल चुका है और आयुष विश्वविद्यालय का औपचारिक रूप से संचालन शुरू हो गया है। कभी शिक्षा के लिए यहाँ पलायन करने वाला युवा अब इसी जिले में रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी पढ़ाई करने को पा रहा है। सबसे बड़ी उपलब्धि एम्स गोरखपुर है, जो पूर्वांचल, बिहार और नेपाल के करीब 12 करोड़ लोगों को उन्नत चिकित्सा सुविधा देता है। यहां कैंसर, न्यूरोलॉजी और कार्डियक के अत्याधुनिक वार्ड हैं। एक स्थानीय महिला, सुनीता देवी, ने यहां से सफल ऑपरेशन कराकर जिंदगी बचाई। वह कहती हैं, पहले इलाज के लिए दिल्ली जाना पड़ता था, अब घर के पास ही बेहतर सेवा मिल जाती है। इसी तरह किसान रामप्रकाश ने अपनी पाँच एकड़ जमीन गीडा को बेची। उनके बेटे को आडानी कारखाने में तकनीकी कर्मचारी के रूप में नियुक्ति मिली। परिवार की आमदनी दोगुनी हो गई और उन्होंने बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर संसाधन जुटाए। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी यह शहर तेजी से प्रगति कर रहा है। सैनिक स्कूल, आयुष विश्वविद्यालय और सीआईआईआईटी जैसे तकनीकी संस्थान युवाओं को आधुनिक पढ़ाई का अवसर दे रहे हैं। एम्स गोरखपुर ने कैंसर, न्यूरोलॉजी और कार्डियक जैसी उन्नत सुविधाएँ शुरू करवाई हैं। पूर्वांचल की धड़कन बनता गोरखपुर अब आधुनिक और पारंपरिक पहचान को साथ लेकर चल रहा है।

गोरखनाथ मंदिर की नींव 11वीं सदी में रखी गई थी। यह गुरु मच्छिंद्रनाथ द्वारा प्रतिष्ठित होकर नाथ सम्प्रदाय का प्रमुख केंद्र बना। मंदिर परिसर में 84 छोटे- छोटे मंदिरों का समूह है और प्राचीन जलाशय के साथ भूमिगत कक्ष भी मौजूद हैं। मकर संक्रांति और बसंत पंचमी के मेले पर यहां हजारों श्रद्धालु पूजा व दर्शन के लिए आते हैं। धार्मिक पर्यटन ने स्थानीय व्यवसाय और अर्थव्यवस्था को भी बल दिया है। कभी गंदगी का पर्याय बना यहां का रामगढ़तालाब झील अब पर्यावरण की नई गाथा लिख रहा है। तभी तो लेक क्वीन क्रूज जैसी पहल पूरे पूर्वांचल में चर्चा का विषय बनी हुई है। गोरखपुर की आर्थिक कहानी रोजगार, व्यापार और जीवन स्तर में सुधार की कहानी है। नये उद्योगों से रोजगार का अवसर बढ़ा है। पहले यहां से लोग लखनऊ, दिल्ली और मुंबई की ओर पलायन करते थे। अब घर के पास ही नौकरी मिल रही है। रियल एस्टेट में कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। होटल, रेस्टोरेंट और शॉपिंग मॉल खुल रहे हैं। स्मार्ट सिटी की योजनाएं शहर को साफ-सुथरा और हरित बना रही हैं। समग्र रूप से ये तमाम योजनाएं इस शहर पूर्वांचल के विकास के हब के रूप में स्थापित कर रही हैं।

# महापुरुषों का मार्गदर्शन

अंतर्दृष्टि

महापुरुषों से मिली प्रेरणा और आत्म साक्षात्कार दरअसल हमारे जीवन की दिशा और दिशा को तय करने में महती भूमिका निभाती है। अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? इसलिए विद्वानों, महापुरुषों का मार्गदर्शन में हमे समय-समय पर लेना चाहिए। अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें। खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है। आप भी, जल्द से जल्द इसके लिए नामांकन कर सकते हैं!

# साहित्य शिरोमणि पुरस्कार

व्यंग्यलोक

'दोस्तों! आज यह अंतरराष्ट्रीय साहित्य विकास प्रा.लि. कंपनी सम्मानीय कचरूमल जी को अंतरराष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि से पुरस्कृत करती है। श्री कचरूमल ने अपने साहित्य में गरीबों, दलितों, मजदूरों व किसानों के भरपूर कल्याण किए हैं। आज इन्हें पुरस्कृत कर हमारा साहित्य समाज भयंकर रूप से गौरवान्वित महसूस कर रहा है।' हुआ यह कि चमचमाती गाड़ी में से उतरने वाले वे दो थे। सामने अंतरराष्ट्रीय साहित्य विकास प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का ऑफिस एक छप्पर के नीचे चल रहा था। श्मशान रोड़ पीपल वाली गली में अवस्थित। वे दोनों गाड़ी से उतरकर सीधे इसी ऑफिस में गए। वहां एक व्यक्ति ऊंघता, मक्खियां मारता मरियल सा बैठा। कई पुराने अखबारों के कागजों में लिपटा हुआ। एकदम निचुड़ा साहित्यिक आकार! मरी मक्खी को पुनः मारने की रचना में व्यस्त! झमझमाती गाड़ी से उतरने वाले दोनों सत्य के जनों ने अपना परिचय दिया। कहा-'हम गरीब, दलित, मजदूर व सर्वहारा वर्ग के प्रतिनिधि हैं। आपको इस बार हमें पुरस्कृत करना है। प्लास्टिक उखाड़ो दिवस अब बिल्कुल सामने है। ऐसे समय पर हमें पुरस्कृत होना ही है।' ऐसा कहते हुए एक साहित्य बाज ने अपनी जेब से 25,000 रुपये निकाल कर अखबार में लिपटे उस अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक कंपनी के मरियल से मैनेजर की ओर उछाल दिये। तब समवेत स्वर में कविता कहने लगे-'मेहंदी बचन जी यह लीजिए एडवांस। आपको इस प्लास्टिक उखाड़ो दिवस पर हमारा सार्वजनिक रूप से अभिनंदन करना है। लाइट, माइक, टेंट आदि खर्चे के लिए हम 25,000 रुपये एडवांस दे रहे हैं। इस बार हम दोनों का सम्मान होना ही चाहिए।' अखबार में लिपटा साहित्य अब मिमियाने लगा। हुजूर! इन 25,000 रुपयों में आपका सम्मान होना असंभव है। महंगाई कितनी है? फिर आपके लिए मोमेंटो वगैरा भी लाना पड़ेगा। अभी 2 घंटे पहले कचोरी एसोसिएशन के अध्यक्ष जी हमारे पास आए थे। उन्होंने उत्तम खाद्य पदार्थों के बारे में एक किताब लिख मारी है। उन्होंने भी पुरस्कृत होने के लिए गुहार लगाई है। यह देखिए उन्होंने पूरे 40,000 रुपये दिए हैं। आप ये 25,000 अपने पास रखो। हम 25,000 में आपका क्या एक गधे का सम्मान भी नहीं कर सकते। कहते हुए अखबारी जीव ने वापस रुपये देने चाहे। तभी दूसरे व्यक्ति ने अपनी दूसरी जेब से 20,000 रुपये निकाल कर दिए और कहा-'अभी इससे काम चलाओ। हम आपके हाथ-पैर जोड़ते हैं। माला-मोमेंटो भी हमारे। श्रोता भी हमारे।' तब साहित्य फुरफुराया-'भैया इस रुपयों में हम आप को पुरस्कृत नहीं कर सकते।' तब अवार्डाकांक्षी जीव ने तमंचा तानकर कहा-'खबरदार! जो हमें पुरस्कृत नहीं किया! सीधे-सीधे पुरस्कृत कर दो। वरना हम तुम्हारा शरीर गोलियों से छलनी कर देंगे।' तब थरथर कांपने लगा तमाम साहित्य!



राम विलास जॉगिड़

### विचार

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-कबीर.

फल के आने से पेड़ झुक जाते हैं, वर्षा के समय बादल झुक जाते हैं, सम्पत्तिवान होने पर सज्जन नम्र हो जाते हैं-परोपकारियों का स्वभाव ऐसा ही है।

-कालिदास.

संतोष जीवन के उद्देश्य का दरवाजा खोलता है। क्योंकि सिवा संतोष के उस दरवाजे की और कोई कुंजी नहीं है।

-खलील जिब्रान.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

-हिलार्ड.

मनुष्य आपत्तियों का लक्ष्य बनने के लिए ही जन्मा है। अतएव बुद्धिमान मनुष्य को आपत्ति से घबराना नहीं चाहिए।

-कन्फ्युशियस.

## आप की बात

### श्रमिकों के लिए योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। इस तरह श्रमिकों को विकास में भागीदार बनाकर उनके जीवन में भी खुशहाली लायी जा सकती है और यह वास्तविक प्रगति है।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### हाइवे पर फर्राटा भरते वाहन

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं।

हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफिक सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं।

हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोगों को ट्रैफिक नियमों पालन एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय की भी जानकारी दी जाये। देश में हर साल लगभग डेढ़ लाख जानें दुर्घटनाओं में चली जाती हैं। अगर ट्रैफिक नियमों एवं सुरक्षा उपायों के साथ यात्रा की जाये तो इसमें भारी कमी आ सकती है। हाइवे पर स्पीड सबसे बड़ा दुर्घटना का कारण है इसलिए सरकार प्रत्येक सड़क पर अधिकतम और न्यूनतम स्पीड को तय करे और इसी पूरी निगरानी रखे। जो भी स्पीड लिमिट का उल्लंघन करें पर कार्रवाई हो।

**संजीव श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## आईकू ने लॉन्च किया आईकू जेड 10आर

नई दिल्ली। आईकू ने आज अपना नया स्मार्टफोन आईकू जेड 10 आर लॉन्च कर दिया है। यह फोन खासतौर पर उन नए जमाने केकंटेंट क्रिएटर्सके लिए डिजाइन किया गया है, जो अपने आइडियाज को शानदार क्वालिटी में कैद करके दुनिया तक पहुँचाना चाहते हैं। कैमरा, परफॉर्मेंस और डिजाइन हर पहलू में यह फोन पूरी तरह से लोडेड है। आईकू में आज की युवा पीढ़ी के लिए कंटेंट बनाना खुद को अभिव्यक्त (एक्सप्रेस) करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। आईकूजेड10आरके जरिए हमने ऐसा डिवाइस तैयार किया है, जो उनकी क्रिएटिविटी की रफ्तार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है। चाहे चलते-फिरते हाई-क्वालिटी कंटेंट शूट करना हो, रियल टाइम में एडिट करना हो या डिमांडिंग ऐप्स के बीच स्मूदली स्विच करना यह हमारे सेगमेंट का सबसे तेज डिवाइस है, जिसे मल्टीटास्किंग को बेहतरीन बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## मेस्से फ्रैंकफर्ट और एमईएक्स एक्जिबिशन्स ने की साझेदारी

नई दिल्ली। गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो - दिल्ली 2025 के भव्य उद्घाटन के दौरान की गई एक ऐतिहासिक घोषणा में, पेपरवर्ल्ड इंडिया, कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो और गिफ्ट्स वर्ल्ड एक्सपो के आयोजकों ने आधिकारिक तौर पर अपने प्रदर्शनी पोर्टफोलियो के विलय की घोषणा की। दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और कोलकाता में अब समर्पित शो आयोजित होने के साथ, यह संयुक्त पहल उपहार और स्टेशनरी क्षेत्र की अखिल भारतीय उपस्थिति स्थापित करने की दीर्घकालिक रणनीति को रेखांकित करती है। देश के शीर्ष व्यावसायिक और उपभोग केंद्रों में मजबूत क्षेत्रीय मंच बनाकर, आयोजक एक ऐसा स्केलेबल मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं जो निम्नलिखित का समर्थन करता है। एमईएक्स एक्ज़िबिशन्स के साथ हमारी निरंतर साझेदारी का उद्देश्य हमारी क्षमताओं और उद्योग की अंतर्दृष्टि को एक साथ लाकर एक राष्ट्रीय स्तर पर प्रासंगिक और क्षेत्रीय रूप से गहन पोर्टफोलियो का निर्माण करना है।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ का सिक्योरइन्वेस्ट लॉन्च

नई दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आज अपने नए उत्पाद सिक्योरइन्वेस्ट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक नॉन-पार्टिसिपेटिंग, यूनिट लिंक्ड इंडीविजुअल लाइफ इंश्योरेंस बचत योजना है, जिसे पॉलिसीधारकों के बदलते वित्तीय लक्ष्यों और जीवन चरणों के मुताबिक डिजाइन किया गया है। सिक्योरइन्वेस्ट वार्षिक प्रीमियम के 100 गुना तक उच्च लाइफ कवर को बाजार से जुड़े विकास की संभावना के साथ जोड़ता है। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस में हम जानते हैं कि जीवन में कई वादे होते हैं- तरक्की, सुरक्षा और अपने प्रियजनों के लिए कुछ छोड़ जाने का वादा। इन वादों को पूरा करने के लिए हमने सिक्योरइन्वेस्ट योजना बनाई है, जो हर उम्र और जरूरत के हिसाब से है। यह योजना हमारे ग्राहकों की जरूरतों को समझकर बनाई गई है। इसमें अच्छा लाइफ कवर, निवेश में ग्रोथ और लंबे समय तक मूल्य बढ़ाने की सुविधा एक साथ मिलती है, जो ग्राहक की वित्तीय यात्रा के साथ बदलती और बढ़ती है।

## पियाजियो व्हीकल्स ने की आपे इलेक्ट्रिक की शुरुआत

पुणे। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. ने आज अपनी नई 2025 आपे इलेक्ट्रिक ईवी रेंज लॉन्च की, जिसमें दो नए मॉडलों – आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स को शामिल किया गया है। ये उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, ब्रांड की यात्री वाहन श्रृंखला को और मजबूती देते हैं और अंतिम मील की यात्रा के लिए बेहतरीन परफॉर्मेंस और भरोसेमंद समाधान पेश करते हैं। आपे ई-सिटी अल्ट्रा की खासियत इसकी मजबूत फुल मेटल बॉडी, 10.2 केडब्लूएच की एडवांस्ड एलएफपी बैटरी और स्मार्ट टेलीमैटिक्स है, जो इसे शहरी उपयोग के लिए एक आधुनिक और टिकाऊ विकल्प बनाते हैं। वहीं आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स, अपने सेगमेंट में 30 एनएम का अग्रणी टॉर्क और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग फीचर के साथ लंबी बैटरी लाइफ और लगातार शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि., इटली स्थित ऑटोमोबाइल दिग्गज पियाजियो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है और भारत में छोटे यात्री व वाणिज्यिक वाहनों की प्रमुख निमार्ता है।

# सेंसेक्स में 543 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 543 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 158 अंक के नुकसान में रहा। मुख्य रूप से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से बाजार में गिरावट आई।

सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स इस गति को बनाये नहीं रख सका और बाद में इसमें गिरावट आई। सेंसेक्स 542.47 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,184.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 679.42 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,410 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1645 शेयर बढ़त में रहे। वहीं 166 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 157.80 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा मोटर्स, सन फार्मा, टाटा स्टील और टाइटन शामिल हैं। इन्फोसिस के शेयर में एक प्रतिशत की गिरावट आई। जून तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी के शेयर में मुनाफावसूली का सिलसिला चला। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। बुधवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को लेकर शुरुआती सकारात्मक प्रभाव की जगह सतर्कता ने ले ली क्योंकि निवेशकों का ध्यान अब कंपनियों के तिमाही नतीजों पर है। पहली तिमाही के हल्के प्रदर्शन के कारण आईटी और एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों) से जुड़ी बड़ी कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। हालांकि, पहली तिमाही के नतीजे मोटे तौर पर ठीक रहे हैं, लेकिन यह अधिक मूल्यांकन को सही नहीं ठहराते...। भारत और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इससे ब्रिटेन की व्हिस्की, कार और कई वस्तुओं पर शुल्क में कटौती होगी। साथ ही द्विपक्षीय व्यापार में सालाना लगभग 34 अरब डॉलर की वृद्धि होगी।

# सोना 1400 रुपये टूटा, चांदी में 3000 रुपये की गिरावट



नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट की मुनाफावसूली और वैश्विक बाजारों में सुस्ती के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1400 रुपये टूटकर 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 101,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को ।,200 रुपये गिरकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 100,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अमेरिका द्वारा जापान और फिलिपीन के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा के बाद जोखिम प्रीमियम कम होने से मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। इससे चीन और यूरोप के साथ ऐसे और करार होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। हालांकि, अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर से कीमतों को कुछ समर्थन मिल सकता है। एसोसिएशन के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 3,000 रुपये गिरकर 115,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। बुधवार को यह 4,000 रुपये की तेजी के साथ 118,000 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 24.35 डॉलर या 0.72 प्रतिशत गिरकर 3,362.88 डॉलर प्रति औंस रह गया। अमेरिका और उसके प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के बीच व्यापार समझौते को लेकर आशावाद के कारण सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों के रूप में सोने की मांग प्रभावित होने से सोना पांच सप्ताह के उच्चस्तर से नीचे आया।

# एफटीए से वित्तीय सेवा कंपनियों को ब्रिटेन में विस्तार करने में मिलेगी मदद

नयी दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारतीय वित्तीय सेवा कंपनियों को ब्रिटेन में मौजूदगी बढ़ाने, प्रतिस्पर्धा करने और भारतीय प्रवासियों एवं कंपनियों को सेवा देने में आसानी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को लंदन में व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते नाम के एफटीए पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार में ब्रिटिश कंपनियों के निवेश के लिए भी अवसर खोलेगा। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इस निवेश समझौते से नवीन, अभिनव और प्रतिस्पर्धी वित्तीय सेवाओं को लाने की क्षमता है। ऐसा होने पर भारतीय वित्तीय सेवा क्षेत्र की स्थिरता से कोई समझौता न करते हुए वित्तीय सेवाओं के ग्राहकों और व्यापक अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा। अधिकारी ने कहा कि गैर-भेदभाव संबंधी नियम यह सुनिश्चित करेंगे कि ब्रिटेन को सेवाएं देते समय भारतीय कंपनियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार हो। इसके साथ व्यापक पारदर्शिता प्रतिबद्धताओं से यह गारंटी मिलेगी कि भारतीय वित्तीय सेवा कंपनियों को अधिकृत करने के लिए ब्रिटेन के नियम निष्पक्ष, पारदर्शी और वस्तुनिष्ठ हों। इस क्षेत्र में की गई प्रतिबद्धताओं से इलेक्ट्रॉनिक भुगतान, वित्तीय-प्रौद्योगिकी, वित्तीय विविधता, स्थिरता एवं बाजार एकीकरण को फायदा होने की उम्मीद है।

# सरकारी विभाग से गेहूं बेचने की जरूरत नहीं



नयी दिल्ली। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुला बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत सरकारी भंडार से गेहूं बेचने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि आपूर्ति पर्याप्त है और कीमतें स्थिर हैं।

सरकार, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा प्रबंधित केंद्रीय पूल से अधिशेष भंडार को पूर्व निर्धारित आरक्षित मूल्य पर सीधे बाजार में बेचकर गेहूं की आपूर्ति और कीमतों को विनियमित करने के लिए खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) का संचालन करती है। चोपड़ा ने भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) की वैश्विक गोलमेज बैठक से इतर पत्रकारों से कहा, पर्याप्त भंडार मौजूद है। हमने काफी अच्छी मात्रा में खरीद की है। इसलिए बाजार में पर्याप्त आपूर्ति है। कीमतें पहले से ही स्थिर हैं। इसलिए (गेहूं ओएमएसएस) की कोई जरूरत नहीं है। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में ओएमएसएस के तहत करीब 30 लाख टन गेहूं बेचा, जबकि 2023-24 में करीब 1.01 करोड़ टन गेहूं की बिक्री की गई थी। देश का गेहूं उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 11.75 करोड़ टन रहने का अनुमान है। ओएमएसएस के माध्यम से चावल की बिक्री के बारे में चोपड़ा ने कहा कि सरकार 50 लाख टन चावल की बिक्री कर रही है, जिससे पंजाब, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और हरियाणा सहित चार-पांच राज्यों में टूटे चावल की मात्रा 25 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह जाएगी। इसका उद्देश्य 100 प्रतिशत टूटे चावल में से 15 प्रतिशत चावल डिस्टिलरी और अन्य को बेचना है, जबकि शेष 10 प्रतिशत टूटे चावल की नीलामी निजी व्यापारियों को की जाएगी। यह बिक्री घरेलू बाजार के लिए है। मिलें 15 प्रतिशत टूटे चावल को अलग करने के लिए तैयार हैं...अबतक की प्रतिक्रिया अच्छी रही है।

# भारतीय उत्पादों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने का जरिया साबित हुए हैं व्यापार समझौते

नयी दिल्ली। भारत ने बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापक समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए जो उसका विभिन्न देशों एवं समूहों के साथ हुआ उसका 16वां व्यापार समझौता है।

भारत इसके पहले चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ भी इस तरह के व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते कर चुका है। भारत ने वर्ष 2014 से लेकर अब तक मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, ईएफटीए और ब्रिटेन के साथ पांच व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। मुक्त व्यापार समझौता दो या दो से अधिक देशों के बीच की ऐसी व्यवस्था है जिसमें साझेदार देश आपसी व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क समाप्त करने या बहुत कम करने पर सहमत होते हैं। इसके साथ ही साझेदार देशों से आयात के एक महत्वपूर्ण मूल्य पर गैर-व्यापार बाधाओं को कम करने और सेवा निर्यात एवं द्विपक्षीय निवेश को बढ़ावा देने के मानदंडों को भी आसान बनाया जाता है। इन व्यापार समझौतों के तहत 10 से 30 विषय तक शामिल होते हैं। दुनियाभर में फिलहाल 350 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते लागू हैं और अधिकांश देशों ने इस तरह के एक या अधिक समझौते किए हुए हैं।

# डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे बढ़कर 86.40 पर



मुंबई। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की मंशा और कच्चे तेल के दाम रातोंरात मजबूत होने से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपनी शुरुआती बढ़त गंवा बैठा और एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 86.40 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता, विदेशी मुद्रा बाजार पर भारी पड़ रही है, जिससे रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी की निकासी ने निवेशकों की धारणा प्रभावित की और रुपये की तेजी को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 86.33 पर खुला और कारोबार के दौरान 86.24 के उच्चतम स्तर और 86.42 के निम्नतम स्तर को छुआ। बृहस्पतिवार के कारोबारी सत्र के अंत में, रुपया 86.40 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से मात्र एक पैसे की तेजी है। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 86.41 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच हमारा अनुमान है कि रुपया थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। चौधरी ने कहा कि अमेरिका-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद और कमजोर अमेरिकी डॉलर निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकते हैं। व्यापारी अमेरिका से नए घरों की बिक्री के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं और इस सप्ताह अमेरिका से पीएमआई और टिकाऊ माल के ऑर्डर के आंकड़ों से पहले सतर्क रह सकते हैं। निवेशक ईसीबी की मौद्रिक नीति के फैसले से भी संकेत ले सकते हैं। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 86.10 से 86.75 के बीच रह सकती है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती मापने वाला सूचक, डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत बढ़कर 97.36 पर पहुंच गया, क्योंकि निवेशक एक अगस्त की समयसीमा से पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर नज़र बनाए हुए हैं। यदि वार्ता विफल हो जाती है या इसमें देरी होती है, तो भारतीय निर्यातकों पर नये दबाव पड़ सकते हैं - जिससे रुपये की चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। हालांकि, यदि कोई समझौता हो जाता है, तो यह एक बहुत ज़रूरी राहत प्रदान कर सकता है। तब तक, अनिश्चितता के कारण बाजार सहभागी सतर्क रह सकते हैं।

# चीन में कारखाने लगाने, भारत में लोगों को काम देने के दिन लद गये : ट्रंप



न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन में कारखाने लगाने और भारत में लोगों को काम पर रखने के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की आलोचना की और आगाह किया कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में ऐसा करने के दिन अब लद चुके हैं।

ट्रंप ने यह टिप्पणी बुधवार को एआई शिखर सम्मेलन में की, जहां उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें एआई के उपयोग के लिए व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की कार्य योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक अमेरिका का अधिकतर प्रौद्योगिकी उद्योग कट्टरपंथी वैश्वीकरण का अनुसरण करता रहा, जिसके कारण लाखों अमेरिकी ठगा महसूस करते रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी कई बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चीन में अपने कारखाने बनाकर, भारत में मजदूरों को नौकरी देकर और आयरलैंड में मुनाफे में कटौती करके अमेरिकी आजादी का फायदा उठाया है।

# बीओबी ने की यूपी पुलिस के पेंशनरों के साथ बैठक का आयोजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त कर्मियों के अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनकी बैंकिंग एवं पेंशन खाते के साथ बीमा कवरेज संबंधी आवश्यकताओं को समझने और पूरा करने के उद्देश्य से, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के पेंशनरों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के लिए बैंक द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, शिकायत निवारण प्रणाली एवं अन्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## पेज एक का शेष

### थाईलैण्ड-कंबोडिया

सीमा पर भड़क उठता है और आमतौर पर संक्षिप्त टकराव का कारण बनता है, जिसमें कभी-कभी गोलीबारी भी हो जाती है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर झड़पें शुरू करने का आरोप लगाया है। पहली झड़प बृहस्पतिवार सुबह थाईलैंड के सुरिन प्रांत और कंबोडिया के ओद्दार मींचे प्रांत की सीमा पर स्थित प्राचीन ता मुएन थॉम मंदिर के पास हुई।

थाईलैंड की ओर से जारी एक वीडियो में बृहस्पतिवार सुबह लोग अपने घरों से भागते हुए और कंक्रीट के बने एक बंकर में छिपते हुए दिखाई दिए। साथ ही बीच-बीच में धमाकों की आवाज भी सुनायी दे रही थीं। थाईलैंड की सेना ने कहा कि उसके बलों ने कंबोडिया के छह सशस्त्र सैनिकों को सीमा पर थाईलैंड की सैन्य चौकियों के करीब आते हुए देखने से पहले एक ड्रोन की आवाज सुनी। उसने कहा कि थाईलैंड के सैनिकों ने स्थिति को काबू में करने के लिए उन पर चिल्लाना शुरू किया लेकिन कंबोडियाई सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी। बहरहाल, कंबोडिया के रक्षा मंत्री ने कहा कि थाईलैंड ने गोलीबारी शुरू करने से पहले एक ड्रोन तैनात किया था और कंबोडिया ने कड़ी जवाबी कार्वाई की।

कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वर्तमान अध्यक्ष को पत्र लिखकर थाईलैंड की आक्रामकता को रोकने के लिए तत्काल बैठक बुलाने का अनुरोध किया। थाईलैंड की सेना ने कहा कि उसने बृहस्पतिवार को कंबोडिया में ज़मीनी सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, जबकि कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि थाई जेट विमानों ने प्राचीन प्रीह विहियर मंदिर के पास एक सड़क पर बम गिराए।

### कानून व्यवस्था

व्यवस्था के लिए सिविल पुलिस की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर की पुलिस, लगातार पुलिसकर्मियों की कमी और अवस्थापना सुविधाओं की चुनौतियों से जूझ रही थी। आठ साल पहले यहां शांति की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी, यह सपना था। तब पुलिस के लाखों पद खाली थे लेकिन नीयत सही न होने से तत्कालीन सरकारें पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाती थीं। कभी भर्ती में खामी तो कभी बेईमानी, भ्रष्टाचार के चलते कोर्ट से रोक लग जाने के चलते नौजवान भटकने को मजबूर थे।

सीएम योगी ने अपनी सरकार के दौरान पारदर्शी पुलिस भर्ती प्रक्रिया की चर्चा करते हुए बताया कि आठ साल में 2 लाख 16 हजार भर्तियां यूपी पुलिस में की गई हैं। इसमें न सिफारिश की गुंजाइश थी और न ही भ्रष्टाचार की। इन भर्तियों में हाल ही में हुई दुनिया की सबसे बड़ी 60244 पुलिसकर्मियों की भर्ती भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ साल पहले उत्तर प्रदेश में पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण की क्षमता केवल तीन हजार की थी। जबकि आज यह कई गुना बढ़ गई है। आज 60 हजार से अधिक प्रशिक्षु प्रदेश के 112 प्रशिक्षण केंद्रों पर एकसाथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

पहली बार मुख्यमंत्री बनने के दो माह बाद लखनऊ पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान जर्जर अवस्थापना सुविधाओं का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि तब पुलिस कार्मिकों के लिए सुविधाओं का काफी अभाव था। इसे देखते हुए उन्होंने हर थाने, पुलिस लाइंस और पीएसी की वाहिनियों में अवस्थापना सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। आज इस बात की प्रसन्नता है कि यूपी के हर थाने, पुलिस लाइंस और पीएसी की वाहिनियों में अवस्थापना सुविधाओं का जबरदस्त विस्तार हुआ है। कई जिलों में तो जो सबसे ऊंची मिनारनुमा बिल्डिंग होगी वह यूपी पुलिस के बैरक के रूप में होगी। सरकार एक तरफ अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ा रही है तो दूसरी तरफ पूरी पारदर्शिता से भर्ती प्रक्रिया को संपन्न कर रही है।

### सांसदों-विधायकों

हर निर्वाचन क्षेत्र की जरूरतों के मुताबिक सड़कों के प्रस्ताव दें। सरकार प्राथमिकता के आधार पर उन पर कार्यवाही करेगी। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हर निर्वाचन क्षेत्र के लिए सड़क अवसंरचना योजनाओं को जाहिर करते हुए एक डिजिटल प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने सड़क सम्बन्धी जरूरतों का आकलन करने के लिए विधायकों से सीधे बातचीत की और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तदानुसार योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

### भारत-ब्रिटेन

सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगा। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने से कुछ घंटे पहले ब्रिटेन ने एक बयान में कहा कि वह पहले से ही भारत से 11 अरब पाउंड का सामान आयात करता है लेकिन भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम होने से ब्रिटिश उपभोक्ताओं एवं कंपनियों के लिए भारतीय उत्पादों की खरीद अधिक आसान और सस्ती हो जाएगी। इससे भारतीय कंपनियों की तरफ से ब्रिटेन को किए जाने वाले निर्यात में भी बढ़ोतरी होगी। बयान में मेजबान देश के प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के साथ हमारा ऐतिहासिक व्यापार समझौता ब्रिटेन के लिए एक बड़ी जीत है। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि ब्रिटेन के साथ हुए ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते से भारत को काफी फायदा होने की उम्मीद है। यह समझौता होने से लगभग 99 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क समाप्त हो जाएंगे जिनका व्यापार मूल्य लगभग 100 प्रतिशत है।

### भारत-ब्रिटेन

निर्यात करना आसान हो जाएगा। इस तरह समग्र द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होगी। स्टार्मर ने कहा कि यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद यह ब्रिटेन द्वारा किया गया सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है। अपने मीडिया वक्तव्य में मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए ब्रिटेन को धन्यवाद दिया और कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा हम इस बात पर भी सहमत हैं कि चरमपंथी विचारधारा वाली ताकतों को लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण जैसे मामलों पर सहयोग और समन्वय जारी रखेंगी। मुक्त व्यापार समझौते पर मोदी ने कहा कि इससे भारत के कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग के लिए ब्रिटिश बाजार में नये अवसर पैदा होंगे और यह विशेष रूप से भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए लाभकारी होगा।

### मुंबई ट्रेन

अनुरोध करते हुए कहा कि इसका असर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत लंबित मुकदमों पर पड़ेगा। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने पूछा कि क्या सभी आरोपियों को जेल से रिहा कर दिया गया है और उन्होंने कहा कि कुछ आरोपी पाकिस्तानी नागरिक हैं। राज्य के एक वकील ने बताया, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है और यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है।

### 19 आईएएस

कलेक्टर फर्रूखाबाद महेन्द्र सिंह को मिर्जापुर मुजफ्फरनगर के सहायक कलेक्टर चलुवराजु आर को लखीमपुर खीरी के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी गई है। बाराबंकी की सहायक कलेक्ट काव्या सी को इटावा, झांसी के दीपक सिंघनवाल को गाजियाबाद, अलीगढ़ के साहिल कुमार को लखनऊ भेजा गया है। इसके अलावा मथुरा के रिंकू सिंह राही को शाहजहांपुर, प्रयागराज की भारती मीणा को प्रयागराज में ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनाया गया है। मेरठ में तैनात प्रतीक्षा सिंह को अम्बेडकरनगर और मुजफ्फरनगर में तैनात थामिनी एम. दास को सीतापुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती दी गई है।

### अनिल अंबानी

कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनियों ने कहा मीडिया में आई खबरों में जो जानकारी दी गई है वह 10 साल से भी पुरानी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन्स लिमिटेड (आरसीओएम) या रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के लेन-देन से संबंधित आरोपों से जुड़ी प्रतीत होती हैं। सूत्रों ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि ऋण दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रवर्तकों को उनके संस्थानों में धनराशि प्राप्त हुई थी जो रिश्वत के लेनदेन का संकेत देता है। एजेंसी रिश्वत और ऋण से जुड़े मामले की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी यस बैंक द्वारा रिलायंस अंबानी समूह की कंपनियों को दी गई ऋण स्वीकृतियों में पिछली तारीख के ऋण दस्तावेज, बैंक की ऋण नीति का स्पष्ट उल्लंघन कर बिना किसी उचित जांच या ऋण विश्लेषण के निवेश प्रस्तावित करना जैसे घोर उल्लंघनों के आरोपों की जांच कर रही है।

## रास में छह सदस्यों को दी गयी विदाई

नयी दिल्ली। संसद में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर गतिरोध कायम रहा जबकि राज्यसभा में सेवानिवृत्त होने जा रहे छह सदस्यों को विदाई दी गयी और इस दौरान उच्च सदन में कोई शोर-शराबा देखने को नहीं मिला। हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। दोनों सदनों में एसआईआर के विरोध में विपक्ष के कई सदस्य आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करते रहे। लोकसभा में कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी दलों ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की और तख्तियां लहराईं, जिन पर एसआईआर विरोधी नारे लिखे हुए थे।

### छत्तीसगढ़ : 66

के सामने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का कहना है कि वे खोखली माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर किए जा रहे अत्याचारों और प्रतिबंधित संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेदों से निराश हैं। नक्सलियों ने कहा कि वे राज्य सरकार की नियद नेल्लनार (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं, जिसका उद्देश्य दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुगम बनाना है। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बीजापुर में आत्मसमर्पण करने वाले 25 लोगों में से 23 पर कुल 1.15 करोड़ रुपये का इनाम था।

### एलयूसीसी फ्रॉड

कहा कि राज्य सरकार ने सीबीआई जांच की संस्तुति पहले ही कर दी है और अब केंद्र सरकार को इस दिशा में तेज कदम उठाने चाहिए। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने भरोसा दिलाया कि दोषियों को उनके किए की कड़ी सजा दिलायी जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद निवेशक को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कदम न केवल हजारों पीड़ित परिवारों के लिए राहत की उम्मीद है बल्कि भविष्य में होने वाले ऐसे आर्थिक अपराधों के खिलाफ भी कड़ा संदेश देगा।

### उप्र राज्य

कॉलेज) को 30-9 से हराया। रोहन नेहवाल (मेरठ) ने अनूप पाल (भदोही) को 30-19 से हराया, उमंग जादौन (आगरा) ने पारस ध्यानी (लखनऊ) को 30-26 से हराकर अपने तीसरे दौर मे पहुंचे। इस शुभारम्भ में निर्णायक रविन्द्र चौहान, डॉ. योगेश शेट्टी, अभिजीत यादव आदि मौजूद रहे।




# मैनचेस्टर टेस्ट-इंग्लैंड की मजबूत शुरुआत

## डकेट-क्रॉली फिफ्टी बनाकर खेल रहे : दोनों के बीच 139 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप; भारत 358 रन पर ऑलआउट

एजेंसी

मैनचेस्टर। इंग्लैंड ने मैनचेस्टर टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत शुरूआत की है। इंग्लिश टीम ने गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन पहली पारी में बिना नुकसान के 139 रन बना लिए हैं। जैक क्रॉली और बेन डकेट नाबाद हैं। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। डकेट के बाद क्रॉली ने फिफ्टी पूरी की। ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर भारतीय टीम ने सुबह 264/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 358 रन पर ऑलआउट हो गई। विकेटकीपर ऋषभ पंत (54 रन) चोटिल होने के बावजूद बैटिंग करने उतरे। इतना ही नहीं, उन्होंने फिफ्टी भी पूरी की। रिटायर्ड हर्ट होने के बाद दोबारा खेलने उतरे पंत ने अपनी पारी को 37 रन से आगे बढ़ाया। पंत के अलावा, साई सुदर्शन ने 61, यशस्वी जायसवाल ने 58 रन और शार्दूल ठाकुर ने 41 बनाए। बेन स्टोक्स ने 8 साल बाद पारी में 5 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। क्रिस वोक्स और लियम डॉसन को एक-एक विकेट मिला। बुधवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। 21वें ओवर में जैक क्रॉली ने फिफ्टी पूरी कर ली है।

उन्होंने शार्दूल ठाकुर के ओवर की 5वीं बॉल पर चौका लगाया और अर्धशतक पूरा किया। 18वें ओवर में बेन डकेट ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने शार्दूल ठाकुर के ओवर की पहली बॉल पर दो रन लिए और अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर की 5वीं बॉल पर डकेट ने चौका लगाकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। इतना ही नहीं, क्रॉली के साथ शतकीय साझेदारी भी पूरी की। मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 23.1 ओवर के इस सेशन में 114 रन बने और 4 बैटर्स आउट हुए। इंडिया ने आखिरी 4 विकेट 37 रन बनाने में गंवा दिए, जबकि इंग्लिश ओपनर्स ने 77 रन जोड़े। क्रॉली-डकेट की जोड़ी फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुकी है। 11वें ओवर में इंग्लैंड ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अंशुल कम्बोज के ओवर की पहली बॉल पर बेन डकेट ने एक रन लेकर टीम का 50वां रन बनाया। फिर क्रॉले ने एक रन लेकर स्कोर 50 पार पहुंचाया। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। इंग्लैंड की पारी के दूसरे ओवर में बेन डकेट आउट होने से बच गए। उनके हाथ से बैट छूट गया और स्टंप के पास गिरा। यदि बैट स्टंप पर लगता तो वे आउट हो जाते। डकेट ने कम्बोज के इस ओवर में तीन चौके लगाए। उन्होंने दूसरी, 5वीं और छठी बॉल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में बैटिंग शुरू कर दी। जैक क्रॉली और बेन डकेट ओपनिंग करने उतरे। भारत से जसप्रीत बुमराह ने पहला ओवर मेडन फेंका। भारतीय टीम पहली पारी में 358 रन पर ऑलआउट हो गई है। जसप्रीत बुमराह 4 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर की बॉल पर कैच आउट हुए। फील्ड अंपायर ने जो रूट की अपील को नकार दिया था।यहां उन्होंने कप्तान स्टोक्स से ऊफर लेने को कहा। रिप्ले देखने के बाद थर्ड अंपायर ने फील्ड अंपायर का फैसला पलट दिया। 113वें ओवर में भारत ने 350 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।




जसप्रीत बुमराह ने जोफ्रा आर्चर के ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 350 पार पहुंचाया। 113वें ओवर में भारतीय टीम ने 9वां विकेट गंवाया। इस ओवर में ऋषभ पंत 54 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने क्लीन बोल्ड किया। 112वें ओवर में ऋषभ पंत ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने बेन स्टोक्स की पहली बॉल पर चौका लगाया और फिफ्टी पूरी की। शार्दूल के आउट होने के बाद पंत चोटिल होने के बावजूद खेलने उतरे हैं। जब वे चोटिल हुए थे, तब 37 रन पर खेल रहे थे। 110वें ओवर में भारतीय टीम ने दो विकेट गंवाए। बेन स्टोक्स के इस ओवर में वॉशिंगटन सुंदर और अंशुल कम्बोज आउट हुए। स्टोक्स ने वॉशिंगटन सुंदर (27 रन) को क्रिस वोक्स के हाथों कैच कराया। फिर अंशुल कम्बोज को विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। इसी के साथ स्टोक्स ने पारी में 5वां विकेट झटका। उन्होंने 8 साल के बाद पारी में 5 विकेट झटके हैं। लंच के बाद दूसरे सेशन का खेल शुरू हो गया है। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने इस सेशन के पहले ओवर में एक रन दिया है। मैनचेस्टर में बारिश शुरू हो गई है। इस कारण जल्दी लंच कर दिया गया है। लंच तक भारतीय टीम का स्कोर 321/6 रहा। पंत और सुंदर की जोड़ी नाबाद है।

# पोलैंड में चोपड़ा-नदीम का आमना-सामना असंभव




कराची। पोलैंड में डायमंड लीग में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और मौजूदा चैंपियन अरशद नदीम के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले पर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि पाकिस्तानी भाला फेंक खिलाड़ी की हाल में इंग्लैंड में पिंडली की मांसपेशियों की सर्जरी हुई है। चोपड़ा और नदीम 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद अगले महीने पहली बार आमने-सामने होने वाले थे। पाकिस्तानी एथलीट ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो से स्वर्ण पदक जीता था।

तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में डायमंड लीग और फिर अगले महीने स्विट्जरलैंड में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने वाले थे। नदीम के कोच सलमान बट इंग्लैंड में उनके साथ हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन का दोनों स्पर्धाओं में खेलना अनिश्चित हैं क्योंकि उनका ध्यान सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी पर लगा है। बट ने कहा वह (नदीम) सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं इसलिए उन्होंने अपनी पिंडली की मांसपेशी की सर्जरी कराने का फैसला किया जो पिछले कुछ समय से परेशान कर रही थी। उन्होंने आगे कहा मुझे नहीं लगता कि विश्व चैंपियनशिप तक वे एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## संक्षेप

### विश्व रैकेटलॉन में भारत की कप्तानी करेंगे विक्रमादित्य

नयी दिल्ली। विक्रमादित्य चौफला को 30 जुलाई से तीन अगस्त तक नीदरलैंड के रोटरडैम में होने वाली विश्व रैकेटलॉन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। रैकेटलॉन एक मिश्रित खेल है जिसमें प्रतियोगियों को चार रैकेट खेल टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वाश खेलने होते हैं। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी चौफला ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में भी टीम का नेतृत्व किया था। उन्होंने 2022 में इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक जीता था। भारतीय रैकेटलॉन खेल संघ द्वारा घोषित भारतीय टीम में चौफला के अलावा कृष्णा बी कोटक, प्रशांत सेन, निहित कुमार सिंह और सुहैल कपूर शामिल हैं। राघव जटिया रिजर्व खिलाड़ी होंगे। निधि तिवारी महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली एकमात्र भारतीय हैं।

### इशांत और भुवनेश्वर ने कहा, अंशुल कंबोज का अनुभव उनके काम आएगा

नयी दिल्ली। भारत के सीनियर तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और भुवनेश्वर कुमार ने 24 वर्षीय अंशुल कंबोज को इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट मैच में पदार्पण का मौका मिलने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनकी कड़ी मेहनत हरियाणा के इस तेज गेंदबाज के लिए फायदेमंद साबित होगी। पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला शुरू होने से पहले भारत ए टीम का हिस्सा रहे कंबोज को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आकाश दीप के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया था। इशांत ने यहां एक कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियोज से कहा उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है इसलिए वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जिस किसी ने भी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है, वह टीम के लिए भी अच्छा प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा लोग कहते हैं कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विकेट लेना आसान है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है।

### डॉसन को शामिल करने से इंग्लैंड मजबूत : वॉन

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल करने से मेजबान टीम को मजबूती मिली है क्योंकि वह ऑलराउंडर हैं और टीम को आवश्यक संतुलन प्रदान करते हैं। शोएब बशीर की चोट के कारण आठ साल के अंतराल के बाद अंतिम एकादश में शामिल किए गए 35 वर्षीय डॉसन ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल को अपनी सातवीं गेंद पर ही आउट करके अपना प्रभाव छोड़ा।

# इंग्लैंड में जीत से, भारतीय महिला टीम का बढ़ेगा आत्मविश्वास : तेंदुलकर



एजेंसी

नयी दिल्ली। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इंग्लैंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारत की दो श्रृंखलाओं में जीत से इस साल होने वाले वनडे विश्व कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले महिला टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने टी20 श्रृंखला 3-2 से जीत कर नया इतिहास रचा। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय महिला टीम ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती। भारत ने इसके बाद वनडे श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 30 सितंबर से श्रीलंका के साथ एकदिवसीय विश्व कप की सह-मेजबानी करेगा। इसके बाद इंग्लैंड में 2026 में टी-20 विश्व कप का आयोजन होगा। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा इंग्लैंड में जीतना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और टी-20 तथा वनडे दोनों में ऐसा करना टीम की तैयारी और मानसिकता के बारे में बहुत कुछ बयां करता है।

उन्होंने कहा इस शानदार प्रदर्शन से टीम का आगे होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। दो विश्व कप सामने होने के कारण यह टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए बेहद ज़रूरी था। शाबाश टीम इंडिया। भारत अब 14 सितंबर से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा और इसके बाद अपनी धरती पर होने वाले विश्व कप में भाग लेगा। तेंदुलकर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सभी खिलाड़ियों ने धैर्य से कम लिया और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में अपना पहला टी-20 शतक बनाया, जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने तीसरे वनडे में शतक लगाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# भारतीय टीम 2026 में इंग्लैंड में पांच टी20 व तीन वनडे खेलेगी

मैनचेस्टर। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत अगले साल सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा जिसमें पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। भारत का दौरा एक जुलाई को डरहम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जिसके बाद मैनचेस्टर (चार जुलाई), नॉटिंघम (सात जुलाई), ब्रिस्टल (नौ जुलाई) और साउथम्प्टन (11 जुलाई) में मैच खेले जाएंगे। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 14 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगी। इसके बाद 16 जुलाई को कार्डिफ और 19 जुलाई को लॉर्ड्स में मैच खेले जाएंगे। भारतीय महिला टीम भी अगले साल फिर से इंग्लैंड का दौरा करेगी। वह इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और एक टेस्ट मैच खेलेगी। टी20 श्रृंखला 28 मई को चेम्सफोर्ड में शुरू होगी। उसके बाद 30 मई को ब्रिस्टल और दो जून को टॉन्टन में मैच खेले जाएंगे। एकमात्र टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम दो टेस्ट श्रृंखलाओं में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की मेजबानी भी करेगी।

# बोनमाटी के गोल से स्पेन पहली बार यूरो फाइनल में

एजेंसी



ज्यूरिख। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में बिताने वाली ऐताना बोनमाटी के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया जहां रविवार को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डी ओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया। यूरो 2025 का फाइनल 2023 में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल की पुनरावृत्ति होगा। तब स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

स्पेन की जर्मनी के खिलाफ यह पहली जीत थी। वह पहली बार यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है। स्पेन ने पिछले दो साल में विश्व कप और नेशंस कप जीते हैं और अब उसकी निगाह खिताब की हैट्रिक पूरी करने पर होगी। यूरो 2025 के लिए बोनमाटी की तैयारियां उस समय गंभीर रूप से प्रभावित हो गई थी जब टूर्नामेंट से एक सप्ताह से भी कम समय पहले बार्सिलोना की मिडफील्डर को वायरल मैनिंजाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। बोनमाटी ने मैच के बाद कहा मैं इस खेल में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना चाहती थी और मैं उन सभी लोगों की आभारी हूं जिन्होंने मुझे इस स्तर तक पहुंचने में मदद की क्योंकि अकेले ऐसा करना संभव नहीं था।

### आईओए ने सीईओ को लेकर विवाद किया खत्म

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी परिषद ने बृहस्पतिवार को एक लंबे विवाद को खत्म करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी और डोपिंग से निपटने के लिए एक पैनल का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक परिषद ने 2036 ओलंपिक की दावेदारी के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान डोपिंग में देश के खराब रिकॉर्ड पर चिंता जताई थी, इसलिए इससे निपटना काफी अहम है। कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने जनवरी 2024 में अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था जिसका मुख्य कारण उनका 20 लाख रुपये प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे।

# एशिया कप की मेजबानी को भारत-पाक तैयार




एजेंसी

नयी दिल्ली/ ढाका। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आगामी एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है और इसकी औपचारिक घोषणा कुछ ही दिनों में होने की उम्मीद है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एसीसी की बैठक के बाद यह फैसला हुआ जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। एसीसी के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया बीसीसीआई यूएई में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है। कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है। यह टूर्नामेंट सितंबर में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। इसे महीने के अंतिम सप्ताह से पहले समाप्त करना होगा क्योंकि इसी समय भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलनी है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई को बताया, हमारे उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एसीसी बैठक में शामिल हुए। वह सदस्यों को जानकारी देंगे। मैं अटकलों पर विश्वास नहीं करता इसलिए आपको कुछ दिनों में आधिकारिक तौर पर पता चल जाएगा। ढाका में एसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभावित भारत-पाक मैच के बारे में पूछे जाने पर कुछ नहीं बताया। नकवी ने पत्रकारों से कहा, हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। हमने बीसीसीआई के साथ चर्चा की थी और कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हम जल्द ही सुलझा लेंगे। सभी 25 सदस्य बैठक में या तो शारीरिक रूप से या वर्चुअली शामिल हुए। हम सभी एकमत हैं।

# टेनिस : फ्रिट्ज़ ने डीसी ओपन के तीसरे दौर में

वाशिंगटन। शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ ने सीधे सेट में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एक साल से भी अधिक समय बाद वापसी करने वाली वीनस विलियम्स को महिला युगल में हार का सामना करना पड़ा। विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले फ्रिट्ज़ ने अलेक्जेंडर वुकिक पर 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। पहले दौर में बाई मिलने के बाद फ्रिट्ज़ अब तीसरे दौर में माटेओ अर्नाल्डी का सामना करेंगे, जिन्होंने 16वें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो सोनेगो को 7-5, 7-5 से हराया।

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को मारिया सकारी ने 7-5, 7-6 (1) से हरा दिया। इस बीच वीनस विलियम्स और उनकी जोड़ीदार हैली बैप्टिस्ट का युगल में अभियान दूसरे दौर में चैंपियन टाईब्रेकर में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और झांग शुआई की जोड़ी से 6-4, 3-6, 10-6 से हार के साथ समाप्त हो गया।

# बैडमिंटन : सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर

एजेंसी




चांग्झू (चीन)। उन्नति हुड्डा ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधु को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर बृहस्पतिवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 वर्षीय हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे। वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी। सिंधू सात साल में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं। पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी।

हुड्डा ने कहा कि वह खुद भी इस जीत से हैरान हैं। उन्होंने मैच के बाद कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं आज जीत जाऊंगी। लेकिन मैं यह सोचकर आई थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करूंगी। मैच का नतीजा भले ही कुछ भी रहे। इसलिए उनके खिलाफ जीतना मेरे लिए भी हैरानी भरा था। उन्होंने कहा, लेकिन मैं खुश हूं कि मैं आज उनके खिलाफ जीतने में सफल रही। यह मेरे लिए काफी मुश्किल मैच था। सिंधू ने कहा कि शटल को नियंत्रित करना मुश्किल था। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि शटल को नियंत्रित करना थोड़ा मुश्किल था। तीसरे गेम में उसने बढ़त बनाई और इसे बरकरार रखा। हुड्डा के बारे में सिंधू ने कहा यह उसके लिए अच्छा है। मैं उसे शुभकामना देती हूं। वह आगे बढ़ रही है, उसे शुभकामनाएं। इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। चिराग ने मैच के बाद कहा यह काफी उतार चढ़ाव वाला मैच था और कोई भी टीम किसी भी समय बड़ी बढ़त हासिल नहीं कर पाई। पहले गेम के आखिर में हम लगातार तीन-चार अंक बनाने में सफल रहे। दूसरे गेम के शुरू में हम थोड़ा अधिक धैर्य के साथ खेल सकते थे लेकिन उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे खुशी है कि हम आखिर में मैच जीतने में सफल रहे। लेकिन एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊतिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे।

# गाजा में संघर्ष विराम जरूरी : भारत

## हमास का युद्धविराम प्रस्ताव व्यावहारिक : इजराइली अधिकारी



संयुक्त राष्ट्र। भारत ने गाजा में जारी मानवीय संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वहां संघर्षविराम जरूरी है और यह भी स्पष्ट किया कि बीच-बीच में संघर्षविराम क्षेत्र की जनता के सामने मौजूद चुनौतियों को दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को हुई एक चर्चा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा, आज की बैठक गाजा में जारी मानवीय संकट की पृष्ठभूमि में हो रही है। हरीश ने फलस्तीन समेत पश्चिम एशिया में स्थिति पर एक बहस में भाग लेते हुए कहा कि बीच-बीच में संघर्षविराम, लोगों के सामने आ रही मानवीय चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। ये लोग हर रोज भोजन और ईंधन की कमी, अपर्याप्त चिकित्सा सेवाओं और शिक्षा के अभाव से जूझ रहे है। उन्होंने इस संबंध में भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि वर्तमान मानवीय पीड़ा को और बढ़ने नहीं दिया जाना चाहिए। हरीश ने कहा कि शांति का कोई विकल्प नहीं है। संघर्षविराम तुरंत लागू किया जाना चाहिए। सभी बंधकों को रिहा किया जाना चाहिए। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने का एकमात्र व्यावहारिक रास्ता संवाद और कूटनीति है। इसके अलावा कोई उपाय या समाधान नहीं है। उन्होंने यह भी उम्मीद जतायी कि इजराइल-फलस्तीन संघर्ष पर आगामी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वी-राष्ट्र समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। सऊदी अरब और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में यह उच्च-स्तरीय सम्मेलन 17-20 जून तक आयोजित होने वाला था, लेकिन क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि गाजा और वेस्ट बैंक में हम जो भी भयानक घटनाएं देख रहे हैं, उन्हें देखते हुए द्वी-राष्ट्र समाधान पर गौर करना आवश्यक है। वहीं इजराइल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे हमास की ओर से युद्धविराम का नया प्रस्ताव मिला है। वहीं, एक इजराइली अधिकारी ने इस प्रस्ताव को व्यावहारिक बताया। हालांकि, इसके बारे में अधिक विवरण साझा नहीं किया। हमास ने आज एक बयान में पुष्टि की कि उसने मध्यस्थों को प्रस्ताव भेजा है। हमास की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है।

## नारेबाजी और तख्तियां लाना कांग्रेस के संस्कार नहीं रहे, पर नयी पीढ़ी के संस्कार देश देख रहा है: बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजें ठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है।

कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय पर हंगामा किया जिससे कार्यवाही बाधित हुई। बिरला ने कहा कि आपसे पहले भी कहा गया है कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। इसमें जनता के महत्वपूर्ण सवाल होते हैं और सरकार की जवाबदेही होती है...कई सांसदों ने कहा कि उनका प्रश्नकाल के दौरान मुश्किल से प्रश्न आता है, लेकिन आप लोगों का जिस तरह का व्यवहार होता है, वो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा कि आप लोग इतने पुराने राजनीतिक दल के संसद सदस्य हो, जिसका इस सदन के अंदर गरिमा और मर्यादा का बहुत बड़ा योगदान रहा है। लेकिन लोग देखेंगे कि आप किस तरह से सदन में व्यवहार करते हैं, तख्तियां लेकर आते हैं और मेजें ठोकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों का आह्वान किया कि वे संसद की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखें। उनका कहना था, यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र के अंदर हमारी पारदर्शिता और जवाबदेही को दुनिया जानती है। आप इस तरह का आचरण करेंगे तो इसका लोकतांत्रिक संस्थाओं में क्या संदेश जाएगा। बिरला ने कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से कहा कि वेणुगोपाल जी, क्या आप अपने सांसदों को यही सिखाते हो।

**संक्षेप**

## भारत को आर्थिक सुधारों की जरूरत

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वर्ष 1991 में तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा पेश किए गए ऐतिहासिक बजट का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को वर्तमान समय में भी उसी तरह के प्रभावशाली आर्थिक सुधारों की आवश्यकता है, लेकिन पिछले 11 वर्षों में सरकार की नीतियों में जड़ता की स्थिति बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की विनाशकारी आर्थिक नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था कम विकास दर से जूझ रही है। मनमोहन सिंह ने बतौर वित्त मंत्री 24 जुलाई, 1991 को वह बजट पेश किया था जिसने भारत में उदारीकरण की बजबूत बुनियाद रखी। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, असमानता बढ़ी है, वेतन वृद्धि बुरी तरह से स्थिर हो गई है, घरेलू बचत कम हो रही है, युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं, मध्यम वर्ग और गरीबों को करीबी दोस्तों की मदद के लिए लूटा जा रहा है और हम एक व्यापार युद्ध का सामना कर रहे हैं, जो हमारे कृषि और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक नीतियों में दूरदर्शिता का अभाव है। खरगे ने कहा कि 1991 का बजट भारत के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जब देश और उसके नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण बदलाव लाए गए।

## कर्नाटक में गड़बड़ी के 100 प्रतिशत सबूत आयोग जिम्मेदारी से नहीं बच सकता: राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी के पास कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग द्वारा धोखाधड़ी करने देने के 100 प्रतिशत सबूत हैं और यदि आयोग यह सोचता है कि वह इससे बच जाएगा, तो यह उसकी ग़लतफ़हमी है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर रहा है। उन्होंने कर्नाटक के निर्वाचन क्षेत्र के नाम का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बारे में पूछे जाने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, यह बहुत ही गंभीर मामला है। चुनाव आयोग, भारत के चुनाव आयोग की तरह काम नहीं कर रहा है। आज उन्होंने कुछ बयान दिया है, यह पूरी तरह से बकवास है। सच तो यह है कि चुनाव आयोग अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा, अब हमारे पास कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग द्वारा धोखाधड़ी की अनुमति देने के 100 प्रतिशत ठोस सबूत हैं। 90 प्रतिशत नहीं।

## शाह का अब नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं : तेजस्वी

पटना। बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं है।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने मानसून सत्र के अंतिम दिन विपक्ष द्वारा पेश कटौती प्रस्ताव पर बहस में भाग लेते हुए यह टिप्पणी की। बहस के कारण विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक हुई, जिसके कारण भोजनावकाश के बाद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। यादव ने कहा कि शाह का नीतीश कुमार पर से भरोसा उठने की क्या वजह है? वह कहते रहते हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव जद-यू (जनता दल यूनाइटेड) अध्यक्ष के नेतृत्व में लड़ा जाएगा, लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा, यह तो समय ही बताएगा। राजद नेता ने कहा, अगर शाह को अब भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा है, तो उन्हें सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए घोषणा करनी चाहिए कि मुख्यमंत्री 2030 तक सत्ता की कुर्सी पर बने रहेंगे। गृह मंत्री सीतामढ़ी के अपने आगामी दौरे के दौरान इसकी घोषणा करें। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह अगस्त में सीतामढ़ी का दौरा करेंगे, जहां वह माता सीता के एक भव्य मंदिर की आधारशिला रखेंगे।

## मृत, स्थायी रूप से पलायन कर चुके लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं रह सकते

नयी दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि आयोग किसी प्रभाव में आकर मृतकों, स्थायी रूप से पलायन कर चुके लोगों या कई जगहों पर मतदाता के रूप में दर्ज लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होने दे सकता। उनकी यह टिप्पणी विपक्षी दलों द्वारा बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोग पर बढ़ते हमलों के बीच आई है। विपक्ष का दावा है कि इस कदम से करोड़ों पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। क्या निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जा रही शुद्ध मतदाता सूची निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की नींव नहीं है? उन्होंने कहा कि पहले बिहार में और बाद में पूरे देश में अपात्र लोगों को वोट देने की अनुमति देना संविधान के विरुद्ध है।

## रूस में 49 लोगों को लेकर रवाना हुआ विमान दुर्घटनाग्रस्त

मॉस्को। रूस के फार ईस्ट में 49 लोगों को लेकर रवाना हुआ एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने कहा कि विमान का जलता हुआ मलबा उसके निर्धारित गंतव्य तिंडा शहर के दक्षिण में एक पहाड़ी पर मिला। रूस की सरकारी मीडिया द्वारा प्रसारित दुर्घटना स्थल की तस्वीरों में घने जंगल के बीच मलबा बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है, जिसके चारों ओर धुएं का गुबार छाया हुआ है। रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने आपातकालीन सेवाओं के अज्ञात सूत्रों के हवाले से बताया कि घटनास्थल के शुरुआती हवाई निरीक्षण से पता चला है कि विमान में सवार कोई भी व्यक्ति जीवित नहीं बचा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इलाके में मौसम खराब था। स्थानीय परिवहन अभियोजक कार्यालय ने बताया कि विमान तिंडा से 15 किलोमीटर दक्षिण में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। कार्यालय ने एक ऑनलाइन बयान में कहा कि विमान ने उतरने की कोशिश की, लेकिन उससे संपर्क टूट गया। क्षेत्रीय गवर्नर वासिली ओरलेव ने बताया कि एएन-24 यात्री विमान में पांच बच्चों समेत 43 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com